

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 63 ● कटनी ● गुरुवार, 6 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 1 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

## हनुमानजी के गुण भाजपा को प्रेरणा देते हैं, स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का संबोधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ता आज पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में झंडा फहराया। सभी बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बधाइयां दी हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करोड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने बताया कि भाजपा हनुमानजी के गुणों से प्रेरणा लेते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान की जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन आज भी हमने भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं। जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। भाजपा भी इसी प्रेरणा से परिणाम लाने में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है, करते रहना है, करते रहेंगे।

### नड्डा ने गिनाई भाजपा की उपलब्धियां

भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमें ये संकल्प लेना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम एक पल भी बैठने वाले नहीं हैं और क्रूमोदी के नेतृत्व में पार्टी को और आगे ले जाएंगे। आज हमारे 1,80,000 शक्ति केंद्रों पर भाजपा का काम है। आज 8,40,000 बूथ पर भाजपा का बूथ अध्यक्ष मौजूद है। हमने यूपी और उत्तराखंड में सरकार दोबारा बनाई। गोवा में तीसरी बार सरकार बनाई।प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पार्टी ने कच्छ से लेकर पूर्वोत्तर तक और कश्मीर से लेकर केरल तक भाजपा ने अपनी छाप छोड़ी है। हमारे कार्यकर्ताओं ने पार्टी को स्थापित किया है। आज पार्टी द्वारा 1 लाख 80 हजार शक्ति केंद्रों पर काम किया जा रहा है। 8 लाख 40 हजार बूथों पर भाजपा का बूथ अध्यक्ष मौजूद है।

## इंदौर में बदला लेने बदमाशों ने यात्री बसें हाईजैक की

**इंदौर, ईएमएस।** सशस्त्र बदमाशों ने बुधवार दोपहर यात्रियों से भरी बसों को हाईजैक कर लिया।चालक-हेल्पर और सवारियों को पीटा और बस छीन कर ले गए। बदमाश चार थाना क्षेत्रों में बस घुमाते रहे, लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। देर शाम सीसीटीवी फुटेज सामने आया तो पुलिस हरकत में आई, लेकिन अफसर घटना को दबाने की कोशिश करते रहे। बस मालिक मोनू रघुवंशी के मुताबिक उसकी बसें धार से देवास और देवास से धार के बीच चलती है। जिन आरोपितों ने बस हाईजैक की वो सिटी बसों से एजेंटी वसूलते हैं। मंगलवार को सौ रुपये मांगने पर बस चालकों से मारपीट की थी। बस के चालक व हेल्पर ने भी मारपीट कर दी थी। बुधवार को बदला लेने के लिए करीब 15 आरोपित आटो रिक्शा से आए और बसों पर कब्जा करना शुरु कर दिया।पहली बस को गफलत में पकड़ लिया था। गलती का एहसास हुआ तो आरोपितों ने उसी ट्रेवल्स की दूसरी बस को पकड़ा।घटना की शुरुआत दोपहर करीब सवा तीन बजे व्हाइट चर्च चौराहा से हुई थी।धार से आ रही ओम साई राम ट्रेवल्स की बस (एमएच 46ए 0208) में तीन बदमाश चढ़ गए। बस थोड़ी आगे बढ़ी और तीन अन्य बदमाश भी बस में बैठ गए। पिपल्याहाना चौराहा पर उनके



**दिनदहाड़े चालक और सवारियों को पीटकर ले गए बस**

साथी मिले और चालक अमित मनोहर कुमावत व हेल्पर इमरान के साथ मारपीट की। पिपल्याहाना चौराहा पर ही सवारियों से कहा कि बस हाईजैक हो गई है। इसके चालक से हमको हिसाब करना है।सवारियों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और सामान फेंक दिया। आरोपितों ने हेल्पर इमरान को भी बाहर उतार दिया। चालक अमित को धमका कर कनाड़िया की तरफ घुमाते हुए रोबोट चौराहा पर ले आए।करीब पौन घंटे बाद आरोपित अमित के साथ मारपीट की और फरार हो गए। थोड़ी देर बाद इसी ट्रेवल की एक अन्य बस(एमपी 11पी 0870) देवास से आती दिखी। आरोपितों ने रिंग रोड पर बस को रोका। बस चालक रवि व हेल्पर की पिटाई कर बस पर कब्जा कर लिया।

## कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य को बम से उड़ाने की धमकी, चिट्ठी में लिखा तुम्हे बर्बाद करने वृंदावन आए हैं

**मथुरा , एजेंसी।** विश्व विख्यात कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। महाराष्ट्र के किसी आतंकी संगठन की ओर से धमकी भरा पत्र मिलने के बाद आश्रम के संचालकों में हड़कंप है। आश्रम संचालकों के द्वारा वृंदावन कोतवाली में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इधर पुलिस ने आश्रम के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिससे कोई विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य इन दिनों मध्य प्रदेश के इंदौर में कथा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार को किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा संत कालोनी स्थित कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य के गौरी गोपाल आश्रम के ऑफिस में बंद लिफाफा रख दिया। जब आश्रम के कर्मचारियों ने लिफाफा खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। लिफाफा में पत्र रखा था, जिसमें मुंबई के पनवेल निवासी कृष्ण नगर मंडी निवासी संजय पटेल ने अपने को महाराष्ट्र के आतंकी संगठन भारत मौत जिंदगी का कार्यकर्ता बताते हुए कथा प्रवक्ता अनिरुद्धाचार्य से एक सप्ताह के भीतर एक करोड़ देने की मांग की है।






## डरा रही कोरोना की रफ्तार, अब नए मरीज 5 हजार के पार 6 महीने का रिकॉर्ड टूटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में कोरोनावायरस संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। 24 घंटों में देश में 5 हजार से ज्यादा नए संक्रमित मिले हैं। कहा जा रहा है कि 6 महीनों में यह एक दिन में दर्ज किया गया सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस दौरान 6 मरीजों की मौत हुई है। वहीं, इलाज करा रहे कोविड- 19 संक्रमितों की संख्या 25 हजार 587 पर पहुंच गई है। संक्रमण के मामले में दिल्ली महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक खासे प्रभावित नजर आ रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार एक दिन में कर्नाटक में 2, महाराष्ट्र में 2 पंजाब में 1 मरीज की मौत हुई है। इसके अलावा केरल में भी एक मरीज ने जान गंवाई है। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 4,435 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,33,719 हो गई थी। पिछले 163 दिन में सामने आए ये सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 23.091 पर पहुंच गई थी। देश में पिछले साल 25 सितंबर को कोविड़ के 4,777 दैनिक मामले सामने आए थे।

## आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक गुरुवार को संपन्न हो गई। बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फैसलों की जानकारी दी। अच्छी खबर यह है कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह दर अभी 6.5 फीसदी बनी रहेगी। इसके साथ ही लोन और महंगा होने की आशंका पर विराम लग गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, वर्ष 2023 की शुरुआत एक सकारात्मक नोट के साथ हुई है, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति में सुधार हो रहा था और आर्थिक गतिविधि लचीली बनी हुई है। इस बीच, खबर है कि देश के सात प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में घरों की बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 62,040 इकाई रही है। यह पिछले 15 साल में तिमाही बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। आंकड़ों में केवल घरों की बिक्री शामिल है। जेएलएल इंडिया ने बयान में कहा, भारतीय आवास बाजार में सरकार की नीतियों, बुनियादी ढांचे के विकास और मजबूत पेशकशों से इस वर्ष यानी 2023 की पहली तिमाही में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई।













## जिले भर के मंदिरों में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दिन भर आयोजनों की श्रंखला

# संकट तें हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।।





**कटनी यशभारत।** आज हनुमान जयंती पर दिन भर जिले भर के मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन चलते रहे। कहीं विशेष हवन पूजन तो कहीं अखंड रामचरित मानस के पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर शहर में अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर इस साल विशेष उत्साह नजर आया। वहीं हिन्दू संगठनों ने भी कार्यक्रम आयोजित किये विश्व हिन्दु परिषद तथा उसके अनुषांगित संगठन बजरंग दल द्वारा जिले भर में रैली, पाठ पूजन के आयोजन किए गए थे। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से सुबह भव्य शोभायात्रा निकली जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। ज्योतिषियों की गणना के अनुसार बजरंगबली का जन्म 58 हजार 112 वर्ष पूर्व चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र और मेष लग्न के योग में सुबह 6 बजे हुआ था। कहा जाता है कि भारत के झारखंड राज्य के गुमला जिले के आंजन नाम के छोटे से पहाड़ी गांव में एक गुफा में हुआ था। हनुमान जन्मोत्सव चैत्र पूर्णिमा के दिन मनाया जाता। इस बार ये पूर्णिमा कल 6 अप्रैल को पड़ रही है। ऐसे में भगवान हनुमान का जन्मदिन इसी दिन मनाया जाएगा। आज हनुमान भक्तों ने व्रत रख कर भी आराधना ही और विधि विधान श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा पाठ की। पर्व पूरे कटनी जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी जिले के सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कटनी के प्रसिद्ध मंदिर मुहास, पठरा, देवरी, हनुमत कुटी, पिपरौंध, शहर के मध्य में विराजे दक्षिणमुखी हनुमान जी, छपरवाह के प्राचीन सिद्ध मंदिर में मानस पाठ, कटाए घाट के रामायणी हनुमान जी, कटाए घाट मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, निषाद स्कूल हनुमान मंदिर, वेंकट वार्ड के चित्रकूट वाले हनुमान मंदिर, पुरानी कचहरी स्थित सिद्ध हनुमान जी मंदिर सहित कई मंदिरों में हनुमान जी का जन्मोत्सव विविध धार्मिक आयोजनों के बीच होगा। छपरवाह हनुमान मंदिर में कल से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ जो आज संपन्न संपन्न हुआ। मंदिर में विशेष साज सज्जा की गई थी। मुहूर्त की बात करें तो आज हनुमान जन्मोत्सव पर चैत्र पूर्णिमा तिथि की शुरुआत कल 05 अप्रैल, बुधवार को सुबह 09.19 बजे से चैत्र पूर्णिमा तिथि की समाप्ति 06 अप्रैल, गुरुवार को सुबह 10.04 तक रही। हनुमान जयंती पूजा का शुभ मुहूर्त 06 अप्रैल, गुरुवार सुबह 06.06 बजे से 07.40 तक अभिजीत मुहूर्त 06 अप्रैल दोपहर 12.02 से 12. 53 तक था अधिकांश स्थानों पर इसी मुहूर्त में पूजा अर्चना की गई।



## छपरवाह में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**कटनी, यशभारत।** शहर के साथ ही उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 5 अप्रैल से अखंड मानस पाठ शुरू किया गया। जिसका समापन आज हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ। जिसके बाद यहां हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया।



## ध्वजारोहण वरिष्ठों के सम्मान के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस, बूथ स्तर पर दिन भर चले कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिले भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रमों की श्रंखला के तहत बूथ स्तर पर भाजपा का ध्वज फराया गया। मंडलों में प्रधानमंत्री का संबोधन वर्चुअली सुना गया। बूथों पर बूथ अध्यक्ष मंडलों में मंडल अध्यक्ष तथा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने भाजपा का ध्वज फराया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने कहा कि हमारा सौभाग्य है हम उस संगठन के कार्यकर्ता हैं जिसका नेतृत्व पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय, डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने किया। आज हम उत्साहित हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के नेतृत्व से जिनके चमत्कारिक नेतृत्व एवं बौद्धिक क्षमता की दुनिया कायल है। पार्टी के लाखों लाख कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची। कटनी जिले में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक तमाम कष्ट सह कर पार्टी को खड़ा किया आज हम गौरवशाली हैं कि भाजपा के ग्राम पंचायत से लेकर वार्ड प्रदेश और देश तक भाजपा की सरकारें हैं। इस अवसर पर डीडी बैनर्जी, सुरेश रोचलानी, नन्दू बसरानी, संतोष जायसवाल, भंवर सिंह चौहान, भगवानदास जी, मनोरमा पाठक, कैलाश जैन, उमा जायसवाल का स्वागत तथा सम्मान किया गया। इससे पहले ध्वजोहरण राष्ट्रगीत गाया गया। पितृपुरूषों तथा भारतमाता के तैल चित्र समक्ष दीपप्रत्वलित हुआ। भाजपाजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पार्टी के स्थापना दिवस की एक दूसरे को बधाई दीं। कार्यक्रम के अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, रामरतन पायल, अलका जैन, शशांक श्रीवास्तव, पीताम्बर टोपनानी, सुरेश सोनी, भंवर सिंह चौहान, डीडी बेनर्जी, कैलाश जैन, रमेश शुक्ला संतोष जायसवाल, सीमा जैन, नन्दू बसरानी, सुरेश रोचलानी, मनोरमा पाठक, मनीष पाठक, सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, रणवीर कर्ण, अंकिता तिवारी, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, अभिषेक ताम्रकार, नागेंद्र गुप्ता, दीपक तिवारी, सत्यव्रत त्रिपाठी, अशोक विश्वकर्मा, शिब्बू साहू, सपना सरावगी, उमा जायसवाल, नीलिमा, सीमा श्रीवास्तव मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा मार्गदर्शकों ने कठिन परिस्थितियों में पार्टी के लिए कार्य के अपने अनुभवों को बताया। संचालन कार्यालय मंत्री अंबरीष वर्मा तथा आभार प्रदर्शन रणवीर कर्ण ने किया।



## पहाड़ी में बिछी बिसात पर पुलिस का छापा

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद एसडीओपी रेंज में जुआफड़ संचालन के लिए बदनाम कुछ युवकों को उमरियापान पुलिस ने पकड़ा है जबकि कुछ युवक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के दिशा निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया व स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में जुआफड़ में छापेमारी की कार्रवाई उमरियापान थाना प्रभारी अनिल काकड़े व उनकी टीम के द्वारा की गई। बताया जाता है कि जुआफड़ संचालन के लिए बदनाम युवकों की टोली उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम गनियारी टिकरिया की पहाड़ी में बिसात बिछाकर बैठी थी। मुखबिरों से सूचना मिलने के बाद उमरियापान थाना प्रभारी अनिल काकड़े, सहायक उपनिरीक्षक केवल उईके, कोदूलाल दाहिया, आरक्षक अजय सिंह व योगेश पटेल ने मुखबिरों के द्वारा बताए गए स्थान की घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान पहाड़ी में बिसात बिछाकर बैठे ग्राम धोरेश्वर निवासी संजू उर्फ संजय गर्ग पिता राधिका प्रसाद गर्ग, ग्राम तेवरी निवासी पिंटू उर्फ राजेश पिता हरिशंकर सोनी, ग्राम मझगवां निवासी अलोक गुप्ता पिता रघुनाथ गुप्ता व बहोरीबंद कुआं निवासी राकेश पिता राम नारायण गुप्ता जुआ खेलते पुलिस के हत्थे चढ़ गए जबकि उमरियापान निवासी लालू उर्फ धर्मेन्द्र गुप्ता, ग्राम सैलवारा निवासी सोनू उर्फ पवन यादव, ग्राम परसेल निवासी मोनू राय, ग्राम कचनारी निवासी मुकेश पटेल व लल्लू पटेल पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने जुआ फड़ से 10 हजार 230 रूपए सहित ताशपत्ते बरामद किए हैं। जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्लीमनाबाद एसडीओपी रेंज में घूम फिर कर जुआ फड़ संचालित करने वाली गेंग सक्रिय है, जो स्थान बदल-बदल कर जुआफड़ का संचालन कर रही है।

## लाडली बहना : प्रस्फुटन समिति व नवांकुर संस्थाओं का जागरूकता अभियान



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की अति महत्वकांक्षी लाडली बहना योजना के प्रचार प्रसार हेतु नवांकुर संस्थाएं ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियां एवं सीएमसीएलडीपी अंतर्गत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्रों के द्वारा प्रथम चरण में योजना के प्रचार-प्रसार हेतु दीवार लेखन, घर-घर सर्वे के अंतर्गत जागरूकता संबंधी कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत एवं नगर निगम के वार्डों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र महिलाओं के ईकेवाईसी आधार लिंक कराने पंजीयन कराने में भी परिषद के उपरोक्त हमले के द्वारा सामान्य व तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत कटनी की 21ग्राम पंचायतों में कुल 25 सदस्यों की सहभागिता है। परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि उक्त महत्वपूर्ण कार्य में परिषद से जुड़ा समस्त अमला धरातल पर पूर्ण समर्पण व सेवा भाव से उक्त कार्य में अपना सहयोग कर रहा है जिसके कारण सभी के सहयोग से संतोषजनक प्रगति हो रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रम में समस्त स्वयंसेवी संस्थाओं से भी आह्वान किया जा रहा है कि वे लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए आगे आएं। विकासखंड स्तर पर इस योजना के क्रियान्वयन में पांचों सेक्टर की नवांकुर संस्थाएं प्रस्फुटन समितियां ,परामर्शदाता, और सीएमसीएलडीपी छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## जन अधिकार मंच ने तेज की मुहिम

# मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग को लेकर धरना



**कटनी, यशभारत।** जिला जन अधिकार मंच ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान जिला जनाधिकार मंच के सदस्यों ने कहा कि कटनी महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शन है, जहां लगभग 14 लाख की आबादी निवास करती है, इसके अलावा कटनी भारत का केंद्र बिंदु होने व व्यापारिक एवं औद्योगिक क्षेत्र होने से समीपवर्ती जिलों के लिए भी शिक्षा के दृष्टिकोण से केंद्र बिंदु है। कटनी जिला आज भी स्वास्थ्य शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज है। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं शिक्षा की मांग को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है। लेकिन अब तक उस पर कोई प्रशासनिक अमल नहीं किया जा सका है। जिला जन अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने कहां की यदि कटनी जिले में शासकीय इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज की सुविधा मुहैया कराई जाती है तो इससे समूचे क्षेत्र का विकास हो सकेगा। जिला जन अधिकार मंच ने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु बाजपेई, राजय रजक, बिंदेश्वरी पटेल, मनोज निगम, प्रभात त्रिपाठी,अनिरुद्ध बजाज सचिन शर्मा, अमित शुक्ला, ललित सोनी, प्रभात पांडेय, हितेंद्र स्वर्णकार, रौनक खंडेलवाल, मोहन नागबानी, प्रेम बत्रा, श्रीमती रजनी वर्मा, अंजुला सरावगी बजाज अिंशु मिश्रा, मौसूफ अहमद , दुर्गा मौसी, कमल पांडे, विनीत जयसवाल, वैध सुरेन्द्र विश्वकर्मा शकील खान, संजय गुप्ता, जफर खान, रामदीन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, अशोक गोटिया, राकेश लोधी, प्रेम लाल केवट, सरपंच ढीमरखेड़ा राजेंद्र खरे, परमेश सोनी, विनोद डोगरे, राकेश जैन कक्का, आदित्य जैन, चोखे भाई जान, फारुख शेख, हेतराम बर्मन शामिल थे

## बेजुबान पशुओं के लिए स्तुत्य पहल जगह-जगह रखी पानी की टंकिया



**कटनी, यशभारत।** कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी गर्मी में शहर में मूक पशुओं को गर्मी में राहत देने निशुल्क पानी टंकी का वितरण किया गया। बता दें कि सोसाइटी से जुड़े समाजसेवी टीनू सचदेवा द्वारा हर वर्ष व्यक्तिगत खर्चे से पशुओं के लिए पानी की टंकी देने की निशुल्क सेवा पिछले कई वर्षों से प्रदान की जा रही है। सीमेंट से बनी 16 लीटर पानी की टंकी प्राप्त कर समाजसेवी शहर में अपने मोहल्ले और गलियों में रखते हैं। सोसायटी सदस्यों ने टंकी वितरण करते हुए अपेक्षा की है कि टंकी में सिर्फ गर्मी में ही नहीं बल्कि हर माह रोज सफाई कर पानी भरना है।पानी टंकी वितरण के मौके पर कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी से टीनू सचदेवा ,अखिलेश पुरवार, अमित तीर्थानी,सतीश सोनी ,मंजू शर्मा, राज सोनी, अशुतोष मिश्रा, निखिल केशरवानी, दयाल पोपतानी, शंकर साधवानी, गौरव नागवानी, सौरव समांथा, कृष्णा सोनी, दीपक वर्मा,नीरज जसूजा,अर्जित खरे,शैलेश पाठक आदि मौजूद थे।

# शराब दुकान का विरोध जारी, वार्डवासी एकजुट



**केटनी यशभारत।** एक अप्रैल से शराब के नए ठेके हो गए हैं। इसको लेकर के कई नई जगहों पर शराब दुकानें खुल रही हैं। कई जगह पर नियमों को ताक पर रखते हुए शराब दुकानें खोली जा रही हैं। धार्मिक स्थल एवं सार्वजनिक स्थलों को नजरअंदाज करते हुए शराब दुकान खोली जा रही है। जिसका लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। एनकेजे में अभी विरोध शांत नहीं हुआ था कि अब अशोक कॉलोनी में भी विरोध शुरू हुआ यहां के रहवासियों ने मुखर होकर विरोध करना शुरू कर दिया है। पूरे क्षेत्र में पोस्टर बैनर लगाते हुए नारेबाजी प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इसके बाद हरकत में आये प्रशासन ने शराब दुकाने खोलने पर फौरी रोक तो लगा दी लेकिन अभी दुकान खोलने का फैसला वापस नहीं लिया सिके खिलाफ आज से फिर वार्ड में आंदोलन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शराब ठेकेदार के द्वारा खिरहनी फाटक वहां पर समाप्त होता है वहां पर मुख्य मार्ग के किनारे पंजाब नेशनल बैंक के सामने शराब की दुकान खोली जा रही है। ठीक सामने 100 मीटर से भी कम दूरी पर भगवान शिव का मंदिर है और कुछ ही दूरी पर सत्यनारायण भगवान का मंदिर है व सार्वजनिक स्थल है, इसके बाद दुकान खोली जा रही है। स्थानीय निवासी डब्बू रजक, राहुल शुक्ला, कमलेश गुप्ता, अरविंद तिवारी राजेश शर्मा, रवि खरे, सुमित गुप्ता, पप्पू निषाद, महेश निषाद, प्रियंक मालवीय, छोटू गुप्ताज़ फारुख खान, आशीष गौतम, शाश्वत गुप्ता, एसपी भट्टी आदि ने कहा कि जिस स्थान पर शराब दुकान खुल रही है वह स्कूल बस स्टॉप है। यहां पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल भेजने, वापस आने पर लेने पहुंचती है। ऐसे में यहां पर शराब दुकान खुलने से लोगों को बड़ी परेशानी होगी। यहां पर लोगों की आवाजाही होती है यहां पर शराब दुकान खोलना उचित नहीं है।

# निराकार प्रभु के दर्शन कर जीवन बनाएं सफल

**कटनी, यशभारत।** जिला स्तरीय संत समागम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राउंड में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सत्गुरु माता सुदिक्षा जी महाराज की असीम कृपा से देहरादून से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा राजीव बिजलवान के सानिध्य में समागम संपन्न हुआ... जिसमें लगभग 4000 की संख्या में साध-संगत और जन मानस ने संत्संग का आनंद प्राप्त किया। उन्होंने अपने प्रवचन में फरमाया ईश्वर निराकार जाना जा सकता है वक्त के सदगुरु से गीता रामायण अन्य सभी ग्रंथो में भी लिखा है बिना गुरु विवेक न होई ब्रह्म की प्राप्ति भ्रम की समाप्ति आज इंसान को जरूरत है सद्भाव प्यार की अमन चैन से जीवन व्यतीत करे ये तभी संभव हे जब इंसान में इंसानियत के गुण हो आत्मा का परमात्मा से मिलन यही मानव का उद्देश्य होना चाहिए भक्ति करने के लिए ये जीवन मिला है प्रभु निराकर के दर्शन करके यह जीवन सफल बनाए यही मानव जीवन का उद्देश्य है





## विशाल सिंधु समागम में कटनी से शामिल हुए सिंधी सामाजिक संगठन

**कटनी, यशभारत।** भोपाल में संपन्न हुए क्रांतिकारी शहीद हेमू कालानी जन्मशताब्दी वर्ष के समारोह में कटनी के अनेक सामाजिक संगठन मौजूद थे जिसमें भारतीय सिंधु सभा कटनी शाखा के पदाधिकारी,हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, सिंधु सेवा समिति, सिंधु नौजवान मंडल, झूलेलाल सेवा मंडल माधव नगर, शांति नगर के सदस्यों एवं पदाधिकारीयों ने इस गरिमामय कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कटनी से शामिल हुए सिंधी समाज नें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंधी समाज के कल्याण हेतु की गई घोषणाओं हेतु एंव अपने अथक प्रयास से इस विशाल भागीरथी आयोजन व समाज के जोड़ने वाले इस प्रयास के लिए भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय महामंत्री एंव भाजपा के प्रदेश महामंत्री और इस भव्य कार्यक्रम के संयोजक भगवानदास सबनानी का अभिनंदन करते हुए हार्दिक आभार प्रकट किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सिंधी समाज के संतों के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मंच पर मौजूद रहे।

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# डिस्मेंटल करने के बाद शुरू होगा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण

## फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड में बाउण्ड्री वॉल, बैडमिंटन हॉल, टेबिल टेनिस हॉल, गैलरी, पैवेलियन और स्टेज को तोड़ने का काम शुरू

**कटनी, यशभारत। शहर के एकमात्र खेल मैदान फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में करीब 20 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में फॉरेस्टरर प्लेग्राउड को डिस्टमेंटलकिए जाने का काम जा रा है। जिसमे बाउण्ड्रीवॉल, बैडमिंटन हॉल, टेबिल टेनिस हॉल, गैलरी, पैवेलियन और स्टेज को तोड़ा जा रहरा है। पहले चरण में डिस्मेंटल का काम पूरा होने के बाद फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का काम शुरू होगा। जिसे मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। करीब तीन दशक बाद शहर के खिलाड़ियों का सपना पूरा होने जा रहा है। फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड का जीर्णोद्धार होने के बाद यहां खिलाड़ियों को अंर्तराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि खिलाड़ियों के खेल में सुधार होगा और वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।**



गौरतलब है कि फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के निर्माण एवं जीर्णोद्धार की मांग पिछले तीन दशकों से से की जा रही थी। ग्राउण्ड की बदहाली और सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उबड़-खाबड़ मैदान की वजह से टूर्नामेंट के आयोजनों में भी कई तरह की दिक्कतें होती थी। यहां क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी सहित अन्य खेलों के हर साल छोटे-बड़े मिलाकर एक दर्जन टूर्नामेंट आयोजित होते हैं, लेकिन टूर्नामेंट आयोजन के पहले ग्राउण्ड को बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। कटनी के जनप्रतिनिधियों ने फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड के निर्माण के लिए शिवराज सिंह चौहान का ध्यान आत्कृष्ट कराया गया था, जिस पर राज्य सरकार ने 15 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा डीएमएफ से भी 5 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है। इस तरह फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में 20 करोड़ रूपए की लागत से अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना तैयार की गई। योजना तैयार होने के बाद ग्राउण्ड की डिजाइन को फाइनल किया गया और इसके बाद टेंडर जारी किए गए। जिला खेल अधिकारी विजय भार ने बताया कि प्रथम चरण में फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड को डिस्टमेंटल किए जाने का टेंडर जारी किया गया था। टेंडर होने के बाद 28 मार्च से ग्राउण्ड को डिस्मेंटल किए जाने का काम शुरू हुआ है। सबसे पहले बैडमिंटन हॉल और हॉकी व क्रिकेट ग्राउण्ड के बीच बनी दीवार को तोड़ने का काम शुरू हुआ है। इसके साथ ही अंदर वाले ग्राउण्ड में गैलरी, पैवेबिलयन एवं स्टेज को भी तोड़ा जा रहा है। इस काम को 15 से 20 दिन में पूरा करने की समय अवधि तय की गई है। इसके बाद मप्र पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा दूसरे चरण का काम शुरू किया जाएगा।

### मप्र पुलिस हॉऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा 20 करोड़ की लागत से किया जाएगा निर्माण




### ये होंगी सुविधाएं


इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की डिजाइन

अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में गुणवत्ता, डिजायन और ड्राइंग का खास ध्यान रखा जा रहा है। इसमें ऐसी सुविधाएं भी देने की कोशिश की जाएंगी, जिससे आने वाले समय में यहां अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन हो सके। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पैवेलियन, चेंजिंग रूम सहित मल्टीलेवल पार्किंग की समुचित, अत्याधुनिक व्यवस्था होगी। यहां क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए उच्च स्तरीय सुविधा मौजूद रहेगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के स्टेडियम की डिजाइन और निर्माण इस प्रकार तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय टी 20 क्रिकेट मैचों का भी आयोजन कराया जा सके।

### सरकार से 15 करोड़ व डीएमएफ से मिली 5 करोड़ की स्वीकृति

फारेस्टर प्लेग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए राज्य सरकार ने 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है, जबकि 5 करोड़ रूपए की व्यवस्था जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से की गई है। इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दर्शकों व खिलाड़ियों की सुविधा के लिए चौपाटी में 8 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है।

### 3.36 हेक्टयर भूमि में निर्माण, 60 फीट की होगी गैलरी

भविष्य में आयोजित होने वाली रणजी ट्राफी एवं अन्य बड़े मैचों को दृष्टिगत रखते हुए गैलरी को 60 फीट की रखने व पार्किंग स्थल को बड़ा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। खेल आयोजनों के दौरान महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के रात्रि विश्राम की अलग-अलग कक्ष की व्यवस्था होगी। ग्राउण्ड की 3.36 हैक्टेयर भूमि में बाउंड्रीवाल, गेट, गैलरी, पिच सहित अन्य विकास कार्य कराए जांएगे।

### इनका कहना है

फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में बनने वाले अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए पहले चरण में ग्राउण्ड में डिस्टमेंटल करने का काम शुरू हो गया है। निर्माण का ठेका मप्र पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन को मिला है। दूसरे चरण में इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शुरू होगा।

-विजय भार, जिला खेल अधिकारी

## दयोदय पशु सेवा केन्द्र ने जताया आभार

**कटनी, यशभारत।** आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज गौशाला राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में अमरकंटक नर्मदा स्थल के पावन तट पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पशु गोपालन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश्वर नंद महाराज महासंघ के अध्यक्ष प्रेमचंद प्रेमी महामंत्री राकेश कुमार अशोकनगर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दयोदय पशु सेवा केंद्र महामंत्री प्रमोद कुमार जैन कक्का को 55 एचपी ट्रैक्टर की चाबी एवं एस्ट्रो रीपर एवं एक भूसा ट्राली प्रदान की गई। प्रशासन एवं दयोदय महासंघ के सामूहिक सहयोग से आत्मनिर्भर गौशाला बनाने की विशेष मुहिम पर दयोदय पशु सेवा केंद्र ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

## शिवमहापुराण एवं शिवलिंग निर्माण में उमड़ रहे श्रद्धालु

**कटनी, यशभारत।** श्री श्री 1008 नीलकंठ महाराज एवं श्री श्री 1008 भरभरा सरकार के आशीवार्द से शिवमहापुराण एवं लघु रूद्र यज्ञ पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन 31 मार्च से 9 अप्रैल तक गिरिजाघाट सरस्वती स्कूल के पास कथा व्यास पुष्पेन्द्र त्रिपाठी महाराज के सानिध्य में किया गया है। विराट धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक विजय गुप्ता, दिलीप यादव एवं अरूण चक्रवर्ती ने बताया कि शिवमहापुराण एवं लघु रूद्र यज्ञ पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पहले दिन 31 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही ज्योर्तिलिंग प्रदुर्भाव किया गया। 1 अप्रैल को पार्थिव लिंग पूजा विधान व शिवलिंग पूजा की गई। कथा व्यास पुष्पेन्द्र त्रिपाठी महाराज द्वारा शिवमहापुराण एवं प्रवचनों की अमृतवर्षा की जा रही है। इसी कड़ी में 2 अप्रैल को दक्ष यज्ञ में सती का देह त्याग, 3 अप्रैल को पार्वती जी का जन्मोत्सव एवं शिव विवाह धूमधाम से आयोजित किया गया। 4 अप्रैल को गणेश जन्मोत्सव व तुलसी की उत्पत्ति की कथा का श्रवण कराया गया। 5 अप्रैल को शिव शुक्रचार्य प्रसंग एवं आज 6 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव अपार श्रद्धा के साथ मनाया गया। कल 7 अप्रैल को शिव जी की महिमा, 8 अप्रैल को सुख देने वाले धर्म कर्म, जलदान व 9 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजन स्थल पर सुबह 7 बजे यज्ञ पूजा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक, शिव महापुरण का परायण 12 बजे, 3 बजे से संगीत मय कथा का प्रवचन, शिव महपुरण सायं 7 बजे तक किया जा रहा है।



### गिरिजाघाट में आयोजन, 9 को विशाल भंडारा

## पात्र महिलाओं को दिलाएं योजनाओं का लाभ

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** महिलाओं के उत्थान व उनके स्वाभिमान को ध्यान मे रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना चालू की गई है। नगर परिषद सीमा के अंतर्गत आने वाली पात्र महिलाओं के फार्म भरने सहित ई केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र के समस्त वार्डों के अंतर्गत निरूशुल्क शिविरों के माध्यम से नगर की प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने व उसका लाभ प्रदान कराने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मिश्रा ने शिविर का निरीक्षण किया, साथ ही हितग्राहियों से चर्चा कर अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने संबंधी अमले को निर्देशित भी किया जा रहा है।

## निमिया मोहल्ला में निजी जमीन पर बलपूर्वक अवैध कब्जा

### कलेक्टर से शिकायत, कार्यवाही की मांग

**कटनी, यशभारत।** निमिया मोहल्ला में एक निजी जमीन पर बलपूर्वक कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत कलेक्टर अवि प्रसाद से करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायतकर्ता संजय सिंह राजपूत ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में बताया कि उसके पिता ने ग्राम मौजा खिरहनी निमिया मोहल्ला में एक जमीन का क्रय किया था। जिसका खसरा नंबर 1299/18 और रकवा 0.015 हेक्टेयर में से 0.01 है। जो कि करीब 1600 वर्गफुट है। जमीन खरीदने के बाद प्लाट में एक-एक फुट की बाउण्ड्रवॉल भी बनवाई गई थी। तभी से हमारा कब्जा चला आ रहा था। फौती नामांतरण के माध्यम से खसरा नंबर 1299/67 में अपना नाम दर्ज करवा लिया था तथा शासकीय रिकार्ड में हमारा रिकार्ड भी दर्ज चला आ रहा है। इसी दौरान अनावेदकों द्वारा एक माह पूर्व प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई। शिकायत के बाद पुलिस ने भी मामले में हस्तक्षेप किया और कहा कि जब तक सीमांकन न हो जाए, तब तक काम शुरू नहीं करना। इसके बाद भी इनके द्वारा प्लाट में काम चालू कर दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि अनावेदकों के पास न तो रजिस्ट्री है, न ही कोई इकरारानामा है। बलपूर्वक जमीन पर पर कब्जा कर लिया गया है।

# शहर के निजी स्कूलों ने उड़ाई नियमों की धज्जियां

### महंगाई के इस दौर में छात्रों की मदद के लिए आगे आया जिला विकास छात्र संगठन

**कटनी, यशभारत।** आर्थिक तंगी विलक्षण प्रतिभा की प्रगति की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। कुछ ऐसे वादे के साथ जिला विकास छात्र संगठन ने पढ़ाई में होनहार निर्धन गरीब छात्रों की मदद का बीड़ा उठाया है। यह काबिले तारीफ हैं। भीषण महंगाई के इस दौर में बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाना सामान्य वर्ग के परिवारों के लिए बड़ा मुश्किल सा हो गया हैं। शासन-प्रशासन के सारे नियम कायदे कानूनों की निजी विद्यालय द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निजी विद्यालयों ने कमीशनखोरी के चलते एनसीआरटी की पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों का सिलेबस अभिभावकों को थमा दिया है। कुछ निजी स्कूलो ने तो पूरा का पूरा सिलेबस बदल दिया है और निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है, जबकि सीबीएससी में भी एनसीआरटी का पैटर्न लागू है। हर रोज खबरे सामने आने के बाबजूद जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों के प्रति कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे इनके हौसले बुलंद है। कोरोना की मार के बाद ज्यादातर परिवारों की हालत खराब है लेकिन यहां तो लूट सके तो लूट की तर्ज लूट जारी है। निजी स्कूलों ने सिर्फसिलेबस ही नहीं बदला, बल्कि मासिक फीस में भी मनमानी वृद्धि कर के हर माह के लिए अतिरिक्त खर्च अभिभावकों पर चढ़ा दिया है। ऐसे दौर में कुछ समाज सेवी संगठनों, समाजसेवियों ने छात्रों की मदद का जो बीड़ा उठाया है, उसके लिए ये संगठन साधुवाद के पात्र है।

### छात्रा को भेंट की पुस्तकें, हर संभव मदद का लिया संकल्प

**कटनी, यशभारत।** जिला विकास छात्र संगठन के अध्यक्ष कुशल प्रकाश मिश्र ने कक्षा 12वी बायोसाइंस की छात्रा को पुस्तक खरीद भेंट की। उन्होंने कहा कि जो भी आपकी पढ़ाई के लिए मदद की आवश्यकता होगी। हमारा छात्र संगठन मिल कर पूरी मदद करेगा। इस दौरान छात्र संगठन के अध्यक्ष कुशल प्रकाश मिश्र ने बताया कि जो भी इस तरह के होनहार छात्र हैं, वो निराश न हों। हर जरूरतमंद छात्रों एनसीआरटी पुस्तक उपलब्ध कराएंगे और जिला विकास संगठन के माध्यम से पढ़ाई संबंधी अन्य मदद भी करेंगे। इस अवसर पर राजीव गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र राजपूत भी उपस्थित रहे।



कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं
mgm HOSPITAL
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा
डॉ. पंकज गुप्ता — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

## कटनी में फिजिक्स वाला कोचिंग सेंटर की शुरूआत

**कटनी, यशभारत।** एजुकेशन के क्षेत्र में कटनी को जल्द ही एक नई सौगात मिलने जा रही है। फिजिक्स वाला विद्यापीठ द्वारा कटनी शहर में कोचिंग सेंटर की शुरूआत की जा रही है। यह कोचिंग सेंटर कल 7 अप्रैल से सेक्रेड हार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में खुलेगा। फिजिक्स वाला ने जिले में पहला कोचिंग सेंटर खोलने की तरफ कदम बढ़ाए हैं। शहर में किफायती फीस पर ऑनलाइन कोचिंग देने वाले एड-टेक प्लेटफार्म पीडब्ल्यू फिजिक्स वाला ने कोचिंग सेंटर खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन कोचिंग से जुड़े लाखों विद्यार्थी चाहते थे कि फिजिक्स वाला कोचिंग सेंटर कटनी में खोला जाए। जिससे मध्यम वर्ग के बच्चे कॉम्पिटिशन की तैयारी में भाग ले सकें। इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गट्टानी, श्रीकांत गट्टानी, अभिषेक गुप्ता, रामहित सोनी, प्राचार्य अभिषेक बैनर्जी, उपप्राचार्य प्रदीप शर्मा एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में
भीड़ से भरा शानदार दूसरा सप्ताह
07 अप्रैल से
रोजाना 4 शो
01 PM-2D (AUDI-1)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
07 PM-2D (AUDI-1)
9.30 PM-2D (AUDI-2)
भोला
कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402




सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
07 अप्रैल से
रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
04 PM-2D (AUDI-1)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
10 PM-2D (AUDI-1)
अगस्त 16-1947
कलाकार- गौतम कार्तिक, रिचर्ड एस्टन, जेसन शाह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402




सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
07 अप्रैल से
रोजाना 2 शो
8.30 AM-2D (AUDI-1)
11 AM-2D (AUDI-1)
सुपर मारियो 2डी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



## ट्यूबवेल खुला छोड़ने वालों के विरुद्ध होगी एफआइआर

# मंत्री कराएंगे प्रभार के जिलों में कुओं और बावड़ियों का परीक्षण

■ भोपाल, यशभारत।

इंदौर के बावड़ी हादसे और खुले ट्यूबवेल से होने वाली दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने तय किया है कि ट्यूबवेल खुला छोड़ने वालों के विरुद्ध एफआइआर कराई जाएगी। सभी मंत्री अपने प्रभार के जिले में खुले ट्यूबवेल, कुओं, बावड़ियों का परीक्षण कराएंगे और उनकी सूची भी बनवाई जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए कही। बैठक के प्रारंभ में इंदौर दुर्घटना के दिवंगतों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को भी लोगों के जीवन से खेलने का अधिकार नहीं है। इंदौर की घटना हमारे लिए सबक है। जिन कुओं, बावड़ियों को बिना भरे ढक दिया गया है, उन्हें खुलवाकर ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे दुर्घटना की कोई संभावना न रहे।

एक अप्रैल से लागू आबकारी नीति के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि नीति के प्रविधान का शत-प्रतिशत पालन हो गया है। शराब दुकानों के साथ संचालित हो रहे सभी दो हजार 611 अहाते बंद कर दिए गए हैं। स्कूलों और धर्म-स्थलों के 100 मीटर के दायरे में स्थित 232 शराब दुकानों को भी बंद कर दिया है। किसानों को खरीफ फसल के लिए उर्वरक की कमी का सामना न करना पड़ा, इसके लिए अग्रिम भंडारण किया जाएगा। इस व्यवस्था में जो ब्याज का भार आएगा, उसका भुगतान सरकार करेगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि 14 अप्रैल को सभी जिलों में डा. आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम होंगे। 16 अप्रैल को ग्वालियर में डा. आंबेडकर महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की प्रगति की जानकारी भी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को दी। उन्होंने बताया कि यह पहली योजना है जो जनता का अभियान बन गई है। सर्वर डाउन हुआ तो लोग सड़कों पर बैठकर आवेदन भर रहे हैं। अब तक 47 लाख 94 हजार पंजीयन हो चुके हैं।

## एमपी केबिनेट का निर्णय

### बारिश से चमक विहीन हुआ गेहूं खरीदेगी सरकार, खाद का एडवांस भी किसानों को मिलेगा

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई. इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए. बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देश दिए कि गेहूं का समर्थन मूल्य पर उपार्जन प्रारंभ हो रहा है, इसकी सभी व्यवस्था की निगरानी करें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि ओलावृष्टि और वर्षा से जो भी हो प्रभावित हुआ है, उसे भी केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लिया जाए.



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को इस बात की जानकारी दी कि 10 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने की केंद्र से मंजूरी मिली है. 10 प्रतिशत से अधिक चमकविहीन गेहूं खरीदने पर प्रति क्विंटल पांच रुपये 31 पैसे का नुकसान सरकार को उठाना होगा. इस संदर्भ में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने कलेक्टरों को दिए निर्देश. इस वर्ष 80 लाख टन गेहूं खरीदने की है तैयारी.इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राजस्व के नियमों के अनुरूप दी जाएगी. खाद का एडवांस भी किसानों को दिया जाएगा. साथ ही किसानों को फसल बीमा भी अलग से दिलाया जाएगा, यह भी सुनिश्चित किया जाए. वहीं राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का तत्काल आकलन कर किसानों को राहत दी जाए. उन्होंने आश्वस्त किया है कि प्रदेश में कोई भी किसान जिसकी फसल प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई है, वह मुआवजे से वंचित नहीं रहेगा. इसके लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान रखा गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पगड़ी रस्म की नई व्यवस्था से सुविधा, पर शोक बैठक में चाय, नाश्ते पर नहीं लग पा रही रोक



■ भोपाल, यशभारत।

सिंधी पंचायत द्वारा लागू की गई पगड़ी रस्म की नई व्यवस्था से शोक प्रकट करने आए लोगों और शोकाकुल परिवारों को सुविधा हो गई है लेकिन पंचायत शोक बैठकों में चाय, नाश्ते पर रोक नहीं लगा पा रही है। प्रभावशाली परिवार अब भी शोक बैठकों में स्वल्पाहार की व्यवस्था कर रहे है।पंचायत ने पिछले दिनों पगड़ी रस्म की नई व्यवस्था लागू की थी। अब शोक प्रकट करने आए लोगों को सभागृह में एक साथ बैठने की जरूरत नहीं है। स्वर्गवासी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद शोकाकुल परिवार के समक्ष शोक प्रकट कर लोग वापस जा सकते हैं। इस व्यवस्था से सभी का समय बच रहा है। इसके पहले पंचायत ने शहर में सभी पगड़ी रस्म एक साथ करने का निर्णय लिया था। एक ही दिन, एक ही स्थान पर दो या तीन पगड़ी रस्म होने से शोकाकुल परिवारों का समय और धन बच रहा है। शोक प्रकट करने आए लोगों को भी सुविधा हो गई है। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी का कहना है कि नई व्यवस्था फिलहाल जारी रहेगी। पंचायत ने तेरहवीं पर मृत्यु भोज नहीं करने का अभियान चला रखा है, लेकिन इस पर गंभीरता से रोक नहीं लग पा रही है। कुछ लोग तो तेरहवीं पर भी विवाह जैसे मांगलिक अवसर की तरह भोजन की व्यवस्था करने लगे हैं। पंचायत ने निर्णय लिया है कि संस्था के पदाधिकारी किसी भी मृत्यु भोज में शामिल नहीं होंगे। अध्यक्ष साबू रीझवानी के अनुसार हमारा प्रयास रहा है कि कोई भी मृत्युभोज नहीं करे लेकिन किसी बुजुर्ग का स्वर्गवास होने पर स्वजन पुरानी परंपरा के अनुसार मृत्युभोज करते हैं, हम उन्हें समझाने का प्रयास करते हैं। पंचायत इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए एक अलग कोर कमेटी बनाने पर विचार कर रही है।

### एक टैबलेट के सहारे व्यवस्था, सर्वर का फूला दम, फिटनेस कराने पहुंचे वाहनों की लगी कतार

■ भोपाल, यशभारत।



आरटीओ में सर्वर की सांस फूल रही है, टैबलेट की कमी होने से यहां फिटनेस के लिए पहुंचने वाहनों की कतार लग रही है। ऐसे में व्यावसायिक वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल टैबलेट की संख्या कम होने और बार-बार एनआइसी का सर्वर धीमा होने से काम प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को वाहनों का फिटनेस कराने आरटीओ पहुंचे वाहन चालक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।भोपाल टैंपो-मैजिक समिति के अध्यक्ष मोहम्मद गनी का कहना है कि आरटीओ में अभी एक ही टैबलेट है। इसके चलते फिटनेस का काम प्रभावित हो रहा है, इसके साथ ही कई बार सर्वर भी धीमा चलता है, जिससे वाहनों के फिटनेस करने में देरी हो जाती है। हम लोगों ने टैबलेट की संख्या ब?ाकर चार करने की मांग की है। इस संबंध में एआरटीओ रंजना कुशवाहा का कहना है कि वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए हम जल्द ही टैबलेट की संख्या बढ़ाई जाएगी। जानकारी के अनुसार पिछले तीन दिनों की छुट्टी के बाद मंगलवार को आरटीओ खुला। इसके चलते यहां पर बडी संख्या में वाहन फिटनेस कराने पहुंचे, जिसके चलते आरटीओ कार्यालय के बाहर तक वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। कई वाहन चालकों को वापस लौटना पड़ा।



## अनुमतियां हाथ में, फिर भी अवैध कालोनी के रहवासी हैं मयूर विहार निवासी

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में अवैध कालोनियों में जमकर जमीन के टुकड़े बेचे जा रहे हैं, लेकिन इस ओर जिला प्रशासन और नगर निगम का कोई ध्यान नहीं हैं। वहीं जिन कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा ही अनुमति दी गई है फिर भी उनके रहवासी अवैध कालोनी के निवासी कहला रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचा। जहां मयूर विहार कालोनी के निवासियों ने शिकायत की है कि उन्होंने भवन निर्माण की अनुमति ली है। इसके बाद भी नगर निगम के रिकार्ड से वह गायब हैं। ऐसे में जल्द से जल्द इसमें सुधार कराकर उन्हें रिकार्ड में शामिल किया जाए। कलेक्टर जनसुनवाई में 47 आवेदकों को अपर कलेक्टर भूपेंद्र गोयल ने सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही अन्य शिकायतों को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। नगर निगम के जोन क्रमांक 10 के वार्ड 38 में स्थित ग्राम हिनोतिया काछियान में सरदार माछी सिंह द्वारा राजधानी लैंड एंड डेवलपर्स हाउसिंग सोसायटी के नाम से प्लाट बेचने का काम शुरू किया था। यहां पर मयूर विहार कालोनी विकसित की गई थी।

## एमसीयू के छात्रावास में भगवान भरोसे सुरक्षा-व्यवस्था, आए दिन हो रहा हंगामा और मारपीट



भोपाल, यशभारत। बिशनखेड़ी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के नए कैंपस में मंगलवार को छात्रावास से बाहर और अंदर रहने वाले विद्यार्थियों के बीच फिर विवाद हो गया। छात्रों के दो गुटों में हुई इस हिंसक झड़प में एक विद्यार्थी का सिर भी फूट गया। मामले को बढ़ता देख विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस बुलाकर विद्यार्थियों को शांत कराया।दरअसल, मंगलवार को न्यू मीडिया मैनेजमेंट के पीजी प्रथम वर्ष और बीबीए के विद्यार्थियों के बीच मारपीट हो गई। वहीं, विगत शुक्रवार को भी विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुसकर मारपीट की गई थी। इस मामले में विश्वविद्यालय मौन है।

## पति को किया बाहर, तो रूठी महिला पार्षद ने छोड़ी बैठक

■ भोपाल, यशभारत।

महापौर मालती राय द्वारा मंगलवार को तीन विधानसभा क्षेत्र के पार्षद और निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी, जिसमें महिला पार्षद के पतियों को प्रवेश नहीं देने पर बवाल हो गया। इसके बाद भाजपा की दो महिला पार्षद बैठक पूरी होने से पहले ही इसे छोड़कर चली गई। हालांकि महिला पार्षदों द्वारा बैठक छोड़कर जाने पर इसे नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी को बैठक में नहीं बुलाने से जोड़कर देखा जा रहा है। ये दोनों ही महिला पार्षद उन्हीं के क्षेत्र से आती हैं।बता दें कि महापौर ने बैठक में मौजूद पार्षद पति राजेश खटीक और राजू अनेजा को बाहर जाने को कहा, जिस पर दोनों नाराज हो गए। बाद में दोनों ने बाहर जाकर किसी से फोन पर चर्चा की और वापस आकर अपनी पत्नी को साथ लेकर चले गए। इसके बाद आरती अनेजा भी वहां से चल दी, जिस पर महापौर ने टोका तो यह कहकर चली गई कि थो?ी देर में आती हूं। हालांकि समीक्षा के दौरान कांग्रेस पार्षद गुड्डु चौहान, देव्यांशु कंसाना और प्रवीण सक्सेना भी मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी बात रखी। इस बैठक में महापौर ने जब समीक्षा की तो विधानसभावार सभी निगम के अधिकारियों को समीक्षा के दौरान बुलाया गया और पार्षदों से वार्ड में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई, लेकिन अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी को इस बैठक में नहीं बुलाए जाने से सीधा संदेश गया कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव जारी है। समीक्षा बैठक के दौरान नए शहर के नए अतिक्रमण अधिकारी अरविंद चौधरी तब पहुंचे जब बैठक खत्म होने वाली थी। इस पर पार्षदों ने आपत्ति जताई। इसके बाद महापौर ने भी उन्हें फटकार लगाई और कहा कि 15 दिवस में अपनी कार्यशैली में सुधार करे।




## अलग-अलग इलाकों में दो सूने घरों में चोरों ने लगाई सेंध

■ भोपाल, यशभारत।

टीटीनगर में रहने वाले बीएसएनएल के सेवानिवृत्त अधिकारी के सूने मकान का ताला तो?कर चोर 40 हजार रुपये नकद और सोना-चांदी के जेवरात समेत करीब एक लाख का सामान चोरी कर ले गए। वे करीब पांच महीने पहले बेटे के पास पुणे चले गए थे। वापस लौटे तो घटना का पता चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



इसी तरह से अवधपुरी इलाके में एक आइटी इंजीनियर के मकान को चोरों ने निशाना बनाकर नकद, जेवर व अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआइआर दर्ज करने के बाद अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक एसएस राऊत (78) बीएसएनएल के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और शास्त्री नगर जवाहर चौक पर रहते हैं। वह 22 अक्टूबर 2022 को अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए बेटे के पास पुणे चले गए थे। तीन अप्रैल को वापस लौटे, तब उनको इस चोरी का पता चला। उधर, नितेश कुमार झारिया (34) वेदवती कालोनी बीडीए अवधपुरी में रहते हैं। पिछले महीने की तीन तारीख को वह परिवार के साथ कटनी में स्थित अपने गांव चले गए थे। एक महीने बाद वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखे सोना-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद समेत एक लाख का सामान चोरी हो चुका था।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के यूजी व पीजी के 66 पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

■ भोपाल, यशभारत।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) को लेकर घोषणा कर दी है। जानकारी के अनुसार इस साल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के कुछ अन्य विभागों सहित कुल विश्वविद्यालयों की संख्या में इजाफा किया गया है। इस बार बीयू के यूजी व पीजी के पाठ्यक्रमों में भी सीयूईटी के तहत प्रवेश दिया जा रहा है। इस साल कुल 2 4 2 विश्वविद्यालयों में सीयूईटी यूजी के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवारों का दाखिला होगा। पिछले साल केवल 92 विश्वविद्यालयों द्वारा ही इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया गया था। बताया कि इस इस साल कुल 16.85 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन कराया है, जिसमें से 13.95 लाख छात्रों ने आवेदन किया है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 4 से 5 लाख अधिक उम्मीदवारों ने सीयूईटी यूजी के लिए आवेदन किया है। परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के आंकड़ों में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके लिए परीक्षा मई में आयोजित होंगी।



इस सत्र में यूजी में आठ और पीजी कोर्सेस में सीयूईटी के तहत प्रवेश दिलाए जाएंगे। पिछले साल यूजी के पांच कोर्सेस में प्रवेश सीयूईटी के तहत ली गई थी। इस बार यूजी के आठ और पीजी के 6 6 पाठ्यक्रमों में इस परीक्षा के तहत प्रवेश होंगे। मई में परीक्षाएं होंगी। बीयू में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को सीयूईटी के तहत आवेदन करना होगा। पिछले साल बीयू ने यूजी के पांच कोर्सेस में सीयूईटी के तहत प्रवेश लिया था। इसमें करीब 12 हजार आवेदन हुए थे। इसके बाद 50 प्रतिशत सीटें खाली रह गई थी। इसके बाद खाली बची हुई सीटों पर 12वीं मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए गए थे।

## मध्य प्रदेश में मिले कोरोना संक्रमित 29 मरीज

### अब राज्य में 126 एक्टिव मामले

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में मौसम परिवर्तन होने के साथ ही एक बार फिर कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती दिखाई दे रही है।मंगलवार को प्रदेश में 29 कोरोना पाजिटिव मरीज मिले हैं। इसमें भोपाल में 16, इंदौर में 11, जबलपुर में 1 मामला सामने आया है। मंगलवार को कुल 1162 सैंपल लिए गए थे। वहीं प्रदेश भर में अभी 126 एक्टिव मामले हैं।इधर लगातार बढ़ते कोविड के मामलों से स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना पाजिटिव मरीजों की स्थिति सामान्य है, अभी किसी तरह के मरीजों में गंभीर लक्षण नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसलिए सभी मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम कोविड मरीजों की प्रत्येक दिन की स्वास्थ्य कि मानिटरिंग कर रही है। मरीजों को दूसरों के संपर्क में नहीं आने को कहा जा रहा है। भोपाल एम्स के निदेशक डा. अजय सिंह ने बताया कि कोरोना का खतरा उन लोगों में ज्यादा खतरनाक रूप ले लेता है, जो फेफड़े या किसी अन्य बीमारी से पहले से ग्रसित होते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जिन्होंने वैक्सीन का डोज कंप्लीट नहीं किया है उनको भी फिर से संक्रमित होने का खतरा है। हालांकि, हार्ड इम्युनिटी की वजह से राज्य में बड़ी आबादी में एंटीबाडी तैयार है। लोगों को जान का खतरा नहीं हैं।




## जिले की पंचायतों में एप की मदद से होगा कचरा कलेक्शन



■ भोपाल, यशभारत।

जिला पंचायत भोपाल देशभर में स्वच्छता में अग्रणी हैं, वहीं इस बार पहले स्थान पर आने की तैयारी जोरों से की जा रही है। ऐसे ही प्रयासों का असर है कि कचरा कलेक्शन करने में जिले की 222 ग्राम पंचायतें नगर निगम से आगे चल रही है। इनके अच्छे काम को देखते हुए अब कचरा कलेक्शन का कार्य एप पर लाया जा रहा है। किस पंचायत में कितना कचरा एकत्र हुआ, इसकी जानकारी एप पर उपलब्ध होगी, जिससे उक्त पंचायत में गाड़ी पहुंचेगी और कचरा एकत्र कर ईंटखेड़ी स्थित एमआरएफ सेंटर पर लाएगी। यह पूरा काम जिला पंचायत कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से संचालित किया जारहा है।

### 27 क्लस्टर में बांटी गई हैं पंचायतें

एप के लिए पंचायतों को 27 क्लस्टर में बांटा गया है। एक क्लस्टर में पांच से सात पंचायतें हैं। स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारी क्लस्टर अनुसार कचरा एकत्र होने पर उसे एप में अपडेट करेंगे। कचरे को एकत्र करने के लिए 11 श्रेणी बनाई गई हैं। इसमें जूते, चप्पल, पुराने टायर, कपड़ों से लेकर टीन शेड, कांच तक शामिल हैं। प्रति किलो के हिसाब से सभी के दाम भी एप में दर्ज किए गए हैं।

### हर दिन होता है 131 मीट्रिक टन कचरा इकट्ठा

जिले की 222 ग्राम पंचायतों में लगभग 94,125 घर हैं, इनमें लगभग पांच लाख 50 हजार जनसंख्या निवास करती है। पंचायतों से हर दिन 105 टन मीट्रिक टन गीला और 26 मीट्रिक टन सूखा कचरा निकलता है। गीले कचरे से गांव में खाद और पिट में चला जाता है। सूखे कचरे को 11 श्रेणियों में बांटकर इसको एकत्र किया जा रहा है।पंचायतों में कचरा उठाने के लिए 140 इलेक्ट्रिक वाहन लगाए गए हैं।

### सड़क बनाने में किया जाएगा उपयोग

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) के साथ हुए अनुबंध के बाद जिला पंचायत ने साढ़े चार क्विंटल प्लास्टिक वेस्ट को प्रोसेस कर एमपीआरआरडीए को बेचा है।इस कचरे से एमआरएफ सेंटर, मटेरियल फैसिलिटी सेंटर में सड़क बनाने का मटेरियल तैयार किया जाएगा। इसका उपयोग पंचायतों में होगा, जिससे सड़कों की लागत में 30 फीसदी तक की कमी आएगी। वहीं पंचायतों में लगे कचरे के ढेर भी अब नहीं दिखाई देते हैं। कचरे को अलग करने का काम भी महिलाओं के जिम्मे है।

### कचरा खरीदने के लिए यह तय किए गए हैं दाम

| | | |
|---|---|---|
| जूता, चप्पल— | — | 1 रुपए किलो |
| पुष्ठा, कार्ड बोर्ड— | - | 10 रुपए किलो |
| बाल्टी, टब, पेंट की बाल्टी-- | | 15 रुपए किलो |
| मिक्स प्लास्टिक— | - | 17 रुपए किलो |
| टीन शेड— | - | 21 रुपए किलो |
| फट्टी, बोरी— | | 1.5 रुपए प्रति केजी |
| टायर— | - | 9 रुपए किलो |
| कांच— | — | 1 रुपए किलो |

“ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वहीं कचरा कलेक्शन के लिए वाहन लगाए गए हैं। पहली बार साढ़े चार क्विंटल कचरा बेचकर दो लाख रुपये की आय प्राप्त की है। अब कचरा एकत्र करने की जानकारी एप पर मिलेगी, इसके आधार पर ही गाड़ी को पंचायत में भेजा जाएगा।

– ऋतुराज सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत भोपाल

## क्लासीफाइड

**क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक**

**डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस.** (इंदौर)

**विशेषताएं** -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज ।

**पता– रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिंग जबलपुर मो.**
**9340734722, 9300049344**

23 अप्रैल

**उपलब्ध है**

**GKS Shopping.com**

प्रिंटिंग व स्टेशनरी थोक में उपलब्ध। कॉपी एवं रजिस्टर पर 30 से 50 प्रतिशत तक छूट। (डिस्काउंट क्वांटिटी पर ) स्टेशनरी संबंधी सभी सामान उचित दाम पर उपलब्ध।

**पता:** शॉप नंबर 5 बालाजी मार्केट, कछियाना, जबलपुर मप्र।

**मो. 9098189412**

# रास्ता अवरूद्ध होने तो कहीं गरीबी रेखा सूची से नाम कटने की शिकायत



## संबंधित अधिकारियों को निराकरण के दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष मे जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, एस.डी.एम बहोरीबंद एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह द्वारा शिकायतों का निराकरण कराने पहुंचे आवेदकों की समस्याऐं सुनी और जिले के अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए।

जनसुनवाई में अपनी समस्या का निराकरण कराने पहुंचे ग्राम अहिरगवां तहसील रीठी निवासी संतोषी द्वारा सीमांकन के अनुसार कब्जा दिलाने के आवेदन पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार रीठी को आवेदन पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। इसी तरह ग्राम मानपुर गुबराधरी निवासी दुल्लू भूमिया द्वारा अपनी निजी जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने की शिकायत पर सुनवाई की जाकर तहसीलदार कटनी की ओर आवेदन उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। ग्राम लखाखेरा बड़वारा निवासी हीरा राय द्वारा नक्शा बटांकन करने के लिए आवेदन देने के बाद भी नक्शा बटांकन नही होने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार बड़वारा की ओर आवेदन पर कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कटनी, राम निवास सिंह वार्ड निवासी फातमा बी द्वारा रास्ते पर अवैध अतिक्रमण संबंधी आवेदन पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जाकर नगर निगम को स्थल की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायत पर जिसमे ग्राम पंचायत पनसोखर के अंतर्गत ग्राम महगवां के ग्रामवासियों द्वारा 100 साल पुराने कुंए के मरम्मत कार्य एवं ग्राम मे ही सी.सी. रोड और चबूतरे के निर्माण करवाने की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर तहसीलदार बड़वारा को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व के एक अन्य मामले मे आवेदिका श्रीमति कृष्णा देवी द्वारा गलत बैनामा लगाकर फर्जी तरीके से नामांतरण कराने संबंधी शिकायती आवेदन पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार कटनी शहरी को प्रकरण की जांच कराकर उचित निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। धान खरीदी केन्द्र विलायतकला के अंतर्गत आवेदक संतराम पटेल निवासी ग्राम कुम्हरवारा तहसील बड़वारा की धान खरीदी की राशि का भुगतान न होने की शिकायत पर उपार्जन अधिकारी को शिकायत के निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विद्युत बिल की राशि कम करानें, गरीबी रेखा सर्वे सूची मे नाम कटवाने संबंधी शिकायत, नॉन की भुगतान संबंधी सहित अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, नगर निगम प्रभारी कार्यपालन यंत्री के.पी.शर्मा, सहित शिक्षा विभाग, सहायक संचालक मत्स्य विभाग, परिवहन अधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, उपसंचाल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, प्रबंधक लीड़ बैंक, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# लंबित प्रकरणों समीक्षा में सामने आईं कई खामियां

**कटनी,यशभारत।** आयोजित जनसुनवाई स्थानीय समाधान में रैंडमली 100 शिकायतों का चयन किया गया था जिसमें 51 शिकायतें संतुष्टि से बंद, तथा 49 शिकायतें लंबित रही लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा समीक्षा की गई।

राजस्व विभाग अंतर्गत आवेदक ओमप्रकाश की अतिक्रमण संबंधी लंबित शिकायत में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश तहसीलदार ढीमरखेडा को दिये गये। समीक्षा के दौरान पंचायती राज अंतर्गत रामकली की नलजल योजना संबंधित लंबित शिकायत में जल जीवन मिशन अंतर्गत किये जा रहे कार्य की जांच किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को निर्देशित किया गया। नजूल भूमि शाखा अंतर्गत हरीश कुकरेजा की अतिक्रमण संबंधित लंबित शिकायत में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रकरण दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण कराये जाने के निर्देश नजूल तहसीलदार को दिये गये। बैठक के दौरान फसल बीमा अंतर्गत राजकुमार जैसवाल की लंबित शिकायत में फसल बीमा की राशि प्राप्त न होने पर शासन को अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से अवगत कराये जाने निर्देश उपसंचालक कृषि विभाग कटनी को दिये गये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की नलजल योजना संबंधी राजकुमार की लंबित शिकायत में वस्तुस्थिति की जांच कराये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा0 कटनी को निर्देशित किया गया।

## चना, मसूर तथा सरसों -राई के पंजीकृत कृषकों की फसलों एवं रकवे का होगा सत्यापन

**कटनी,यशभारत।** रबी सीजन वर्ष 2022-23 विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों -राई के उपार्जन हेतु ई-पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के असत्यापित रकवों के सत्यापन का कार्य किया जाना है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने आदेश जारी कर कटनी जिले के वनमंडल अधिकारी सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदारों को तहसील बड़वारा, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेडा एवं रीठी के असत्यापित पंजीकृत किसानों की चना, मसूर एवं सरसों की फसल एवं रकवें के कुल असत्यापित किसानों जो वनग्राम एवं वनपट्टा धारक है का ई- उपार्जन पोर्टल पर अनुसार उपार्जन नीति अनुसार फसल एवं रकवें का सत्यापन करनें हेतु निर्देशित किया है।

## गांव-गांव घूंम कर लाड़ली बहना योजना की जानकारी दे रहा प्रचार रथ, ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह, मिल रही उपयोगी जानकारियां



**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन की तीन वर्ष की उपलब्धियों और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति गांव - गांव में योजना की जानकारी देने और प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले भर में प्रचार रथ चलाया जा रहा है। यह प्रचार रथ अब तक जिले के 28 ग्रामों मे पहुंचकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ- साथ एल.ई.डी टी.व्ही के माध्यम से शासन की उपलब्धियों को भी दिखा रहा है। गांव में इस प्रचार रथ के प्रति ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के साथ -साथ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बैंक खातों को आधार से लिंक करने और डी.बी.टी इनेबल्ड कराने की जानकारी भी दी जा रही है। इसके अलावा महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद द्वारा लोगों को इन प्रक्रियाओं की जानकारी देने गांव के सार्वजनिक भवनों की दीवारों पर लिखकर भी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है।

## नल जल योजना से संबंधित शिकायतों की एसडीएम करेंगे जांच

**कटनी,यशभारत।** नल जल योजना से संबंधित दो शिकायतों में स्थानीय समाधान की समीक्षा दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायतों की जांच कर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया है। विकासखंड रीठी निवासी रामकली बाई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे ग्राम पंचायत द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत लाभ नहीं दिया जा रहा है, जिससे उसे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह रीठी विकासखंड की ग्राम पंचायत हरद्वारा खिरवा निवासी राजकुमार राय ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके यहां नल जल योजना के अंतर्गत बोर बेल लगवाए गए थे जिनमे पानी नहीं आ रहा। पीएचई विभाग को शिकायत देने के बाद भी कोई कार्यवाही विभाग द्वारा नहीं की जा रही। कलेक्टर श्री प्रसाद ने दोनों ही शिकायतों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को जांच कर उचित कार्यवाही करने निर्देशित किया है।


जिला प्रशासन, कटनी (म. प्र.)
प्रशस्ति पत्र

## सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदनों के पंजीयन और ई-केवायसी कार्य के लिए जिले के विकासखंडों में सर्वाधिक पंजीयन करने वाली टीमों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सराहनीय कार्य करने वालों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्य की लय और गति में निरंतरता बरकरार रखने कहा है।

### जनपद पंचायतों में इन्हें मिला सम्मान

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सराहनीय कार्य हेतु जिन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है, उनमें जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सिलौडश्री के नोड़ल अधिकारी विनोद मेहरा, सचिव ब्रजमोहन गिरी और ग्राम रोजगार सहायक अमरीश राय शामिल है। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत उबरा के सचिव राजेंद्र विश्वकर्मा और ग्राम पंचायत परसवारा के रोजगार सहायक विकास मिश्रा का नाम भी सराहनीय कार्य में शामिल है। उत्कृष्ट कार्य प्रशस्त्रि पत्र पाने वालों मे जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत पिपरिया कला के सचिव रमेश सिंह, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत बड़गांव के सचिव सुरेन्द्र हल्दकार तथा ग्राम रोजगार सहायक अरविंद लोधी शामिल है। इसी तरह जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पहाडी हेतु ग्रामवासी बृजनंदन पटेल व ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द के सचिव राकेश कुमार काछी, रोजगार सहायक अभिरिती सूरी तथा ग्राम रोजगार सहायक जयंती चक्रवर्ती शामिल है। जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत लखनवारा के सचिव महेन्द्र हल्दकार, सुपरवाईजर पुष्पा आरेख तथा ग्राम रोजगार सहायक परमेश्वर दयाल शामिल है।

### कर्मचारियों को भी प्रदान किये प्रशस्ति पत्र

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा लाड़ली बहना योजना में नगर परिषद कैमोर के कम्प्यूटर ऑपरेटर अतुल पाण्डेय व देवेन्द्र पाण्डेय, नगर परिषद बरही के सहायक ग्रेड-3 तीरथ चतुर्वेदी व कम्प्यूटर ऑपरेटर रामलला तिवारी सहित नगर परिषद विजयराघवगढ़ के कम्प्यूटर ऑपरेटर अमर यादव व चौकीदार शेखराज अंसारी को उत्कृष्ट कार्य करनें पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### वार्ड दरोगा सहित आउटसोर्स कर्मचारी भी सम्मान का पात्र

कलेक्टर अवि प्रसाद ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत नगर निगम वार्ड क्रमांक 2 बिरसा मुंडा वार्ड उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर वार्ड दरोगा उमेश पंचम, प्रमोद साहू आउटसोर्स कर्मचारी, प्रमोद जार मीटर रीडर तथा संजय चौधरी ओम साई विजन कर्मचारी को तथा श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड वार्ड के वार्ड दरोगा दिलीप महतो, सुनील पाठक सहायक ग्रेड 3, सुश्री रीना नामदेव आउटसोर्स कर्मचारी सहित गोविंद पटेल ओम साई विजन कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। विदित हो की रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वर्चुअली समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आवेदनों के पंजीयन में सराहनीय कार्य करने वालो को सम्मानित किए जानें के निर्देश प्रदान किए गए थे। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पंजीयन और ई-केवायसी कार्य में लगे सभी लोगों से मिशन मोड में कार्य करने का आग्रह किया है।

# बेजा कब्जा कर अवैध निर्माण किए जाने पर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश

## स्थानीय समाधान की समीक्षा बैठक में तहसीलदारों को निर्देश

**कटनी,यशभारत।** अतिक्रमण कर अवैध निर्माण से जुड़े दो प्रकरणों में कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ये निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के स्थानीय समाधान की समीक्षा के दौरान दिए।

### डेढ़ एकड़े जमीन पर कर लिया बेजा कब्जा

ग्राम पंचायत अंतर्वेद गनियारी तहसील ढीमरखेड़ा निवासी ओमप्रकाश कोरी की डेढ़ एकड़ जमीन पर सोमनाथ लोधी के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने की शिकायत पर करीब 8 माह बाद भी प्रभावी कार्यवाही न किए जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने तहसीलदार ढीमरखेड़ा पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया।

### नाली के ऊपर कर लिया आवास का निर्माण

कटनी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 में स्थित रतन दास क्लिनिक के पास गली में राजेश काकवानी द्वारा नाली के ऊपर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने की शिकायत स्थानीय निवासी हरीश कुकरेजा द्वारा की गई थी। जिसे पूर्व में भी बिना निराकरण किए बंद कर दिए जाने की शिकायत आवेदक द्वारा की गई। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने नजूल तहसीलदार को प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



## कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन शाखा के ई.व्ही एम स्ट्रांग रूम का मुआयना किया और वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच हेतु नियंत्रण कक्ष पहुंचकर फुटेज का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने व्यवस्थाएं चाक - चौबंद और दुरूस्त रखनें के निर्देश निर्वाचन पर्यवेक्षक आर.के बड़गैया को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी शैलेष गुप्ता सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सीईओ ने जीआरएस की थपथपाई पीठ

### अन्य लोक सेवक भी समय का उचित प्रबंधन और कार्य योजना तैयार कर तय समय सीमा में पूर्ण करें कार्य



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत परसवारा के ग्राम रोजगार सहायक विकास मिश्रा द्वारा विशेष शिविर आयोजित कर 123 पात्र महिलाओं के आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन में बेहतर तरीके से किए जाने के फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सराहना कर शाबाशी दी। बता दें की सोमवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ग्राम पंचायत परसवारा का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान विकास मिश्रा ग्राम रोजगार सहायक से पूछे जाने पर श्री मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत परसवारा लाडली बहना अभियान अंतर्गत कैम्प का आयोजन कर अब तक 123 महिलाओं के फॉर्म ऑनलाइन दर्ज के ईकेवाईसी आदि को अद्यतन करने की कार्रवाई की गई। मनरेगा अंतर्गत 174 परिवारों के 281 श्रमिकों को 9202 मानव दिवसों का रोजगार मुहैया कराया गया है। 3ण् 82 प्रतिशत मनरेगा श्रमिकों के आधार ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही पूर्ण की गई है। आयुषमान भारत अभियान अंतर्गत 916 हितग्राहियों के आयुषमान कार्ड जारी कराए जाने की कार्यवाही ग्राम पंचायत द्वारा की गई है। इसी के साथ राज्य शासन की अन्य योजनाओं से स्थानीय ग्रामीणों को लाभान्वित कराया जा रहा है तथा जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग से निर्माण एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस संबंध में सीईओ श्री गेमावत द्वारा नागरिकों से और मुख्यमंत्री लाडली योजना के लाभ हेतु आवेदन कर रही महिलाओं से जानकारी ली जाने पर उन्होंने ग्राम रोजगार सहायक श्री मिश्रा की कार्यशैली की सराहना की। इससे प्रसन्न होकर जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम रोजगार सहायक श्री मिश्रा की पीठ थपथपाई और अन्य लोक सेवकों से भी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनुकरण करने की सीख दी। सीईओ ने कहा कि अन्य ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक भी उचित प्रबंधन और कार्य योजना बनाकर तय समय सीमा में कार्यो को पूर्ण करने की आदत बनाएं। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ के के पांडे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बहाल हुई ग्राम किसगी और बड़ारी की विद्युत सप्लाई

## विभिन्न स्रोतों से संज्ञान में आई थी समस्या, प्रभावित ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**कटनी,यशभारत।** विद्युत प्रदाय न होने से ग्रामीणों को हो रही समस्या की जानकारी लगते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा त्वरित कार्यवाही कर कार्यपालन अभियंता ग्रामीण मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी है। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

ग्राम पंचायत नेगई अंतर्गत ग्राम किसगी में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को हो रही समस्याओं से संबंधित समाचार मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को अविलंब इस समस्या का निराकरण करने निर्देश दिए थे। जिस पर कार्यपालन अभियंता द्वारा जांच कराई गई, जांच में सिलोंडी वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम किसगी में स्थापित ट्रांसफार्मर के खराब होने के तथ्य सामने आने पर कंपनी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर ग्राम की विद्युत सप्लाई बहाल कर दी गई।



### बकाया बिल के कारण विच्छेदित था कनेक्शन

इसी प्रकार ग्राम बड़ारी में नल जल प्रदाय योजना का कनेक्शन काटे जाने के कारण ग्रामीणों को इस हो रही पेयजल संबंधित समस्या की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से जैसे ही कलेक्टर अवि प्रसाद के संज्ञान में आई उन्होंने तत्काल इसके निदान के निर्देश कार्यपालन अभियंता ग्रामीण मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में कराई गई जांच में पता चला कि खलवारा वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम बड़ारी में स्थापित ट्रांसफार्मर से संबंधित उपभोक्ताओं पर करीब एक लाख रुपए का बिल बकाया था। बिल भुगतान न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत सहित नल जल योजना के पंप की विद्युत सप्लाई को अस्थाई रूप से विच्छेदित कर दिया गया था। ग्रामीणों को हो रही पेयजल संबंधी समस्या को देखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कनेक्शन पुनः संयोजित कर ग्राम की विद्युत समस्या का निराकरण कर दिया गया।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 31th March 2023


TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# श्रेयस अय्यर की होगी सर्जरी, आईपीएल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अगले कई महीनों तक पेशेवर क्रिकेट से दूर रहेंगे। उन्होंने पीठ की सर्जरी कराने का फैसला किया है। इस कारण वह आईपीएल के मौजूदा सीजन और जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। अय्यर पीठ की सर्जरी के लिए विदेश जाएंगे। वह उसके बाद कम से कम पांच महीने के लिए बाहर हो जाएंगे। श्रेयस अय्यर आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान हैं। वह चोट के कारण इस सीजन में नहीं खेल रहे हैं। उनके स्थान पर नीतीश राणा को टीम का कप्तान बनाया गया है। अय्यर अगर पांच महीने के लिए क्रिकेट मैदान से बाहर होते हैं तो उनका इस साल अक्तूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में भाग लेना भी मुश्किल होगा। वह सितंबर से पहले फिट हो जाते हैं तो टीम इंडिया उन्हें विश्व कप में रख सकती है। अगर ऐसा नहीं होता है तो उन्हें विश्व कप से भी बाहर रहना पड़ सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हुई थी समस्या

समाचार एजेंसी को बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, च्च्हां, विदेश में उनकी पीठ की सर्जरी होगी। उनके कम से कम पांच महीने तक मैदान से बाहर रहने की संभावना है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच सात जून से लंदन में खेलेगी। अय्यर पीठ में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मैच के दौरान बाहर हो गए थे।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भी नहीं खेले थे अय्यर

पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से ही अय्यर के पीठ में समस्या है। वह चोट की वजह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। आईपीएल की बात करें तो अय्यर को पिछले सीजन में कोलकाता नाइटराइडर्स ने कप्तान बनाया था। उनकी कप्तानी में टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। इस बार अब उनकी अनुपस्थिति में टीम ने नीतीश राणा को कप्तानी सौंपी।

# बीसीसीआई प्लीज कुछ करो...!

### फिर किसी अनीता को चंद हजार रुपयों के लिए जान न देनी पड़े

**लखनऊ, एजेंसी।** पैसे किसे काटते हैं। हर कोई एक झटके में लखपति, करोड़पति, अरबपति बनना चाहता है। बिल्कुल आईपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की तरह। हर कोई हालांकि यह तो जानता है कि खिलाड़ियों को कुछ मैच खेलने के लिए करोड़ों में पैसे मिलते हैं, लेकिन यह कोई नहीं समझना चाहता कि उस मुकाम तक पहुंचने के लिए खिलाड़ियों ने कितने संघर्ष किए हैं। क्या-क्या झेले हैं। रोहित ने दूध के पैकेट बेचे तो विराट कोहली पिता के निधन में हिस्सा लेने के तुरंत बाद क्रिकेट खेल रहे थे। आंसूओं को ताकत बनाया था। वह जानते थे कि अगर टूट गए तो कोई सहारा नहीं बनेगा और भीड़ में वह गुम हो जाएंगे।

### गिरफ्तारी, थर्ड डिग्री और दो लाख की मांग...

विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे प्लेयर्स को देखकर तमाम लोग ऐसे भी हैं, जो धनपति बनने के लिए शॉर्ट कट अपनाते हैं। कई बार शॉर्ट कट का अध्याय किसी अपने को खोकर चुकाने के साथ बंद होता है। उत्तर प्रदेश की अनीता को ले लीजिए। पति मनोज शर्मा पर सट्टेबाजी का आरोप है। इस चक्कर में वह पुलिस के शिकंजे में फंसा और कथिततौर पर गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मनोज पर थर्ड डिग्री से टॉर्चर किया। आरोप है कि उसे छोड़ने के लिए पुलिस दो लाख रुपये की मांग कर रही थी। यह बात जब अनीता को पता चला तो उसने जहर खाकर अपनी जान दे दी।

### फेंटेसी गेम में रोज निकलते हैं कई मनोज

यह बात एक अनीता या मनोज की नहीं है। ऑनलाइन सट्टा बाजार चरम पर है, जिसे मौजूदा दौर में फेंटेसी स्पोर्ट्स भी कहा




जाता है। अक्सर खबरें आती हैं कि फलां ने फेंटेसी स्पोर्ट्स में 10 लाख जीते तो फलां ने एक लाख जीते, लेकिन वो खबरें कम ही आती हैं, जिसमें लोग लाखों गंवा देते हैं। जाहिर है यह एक तरह का जुआ ही तो है। एक जीतता है तो कई हारते भी तो हैं। जाहिर है उन्हीं हारे हुए लोगों के पैसे तो फेंटेसी स्पोर्ट्स कंपनियां विजेता को देती हैं। इस काम में उन्हें भारी भरकम मुनाफा होता है वह अलग से। फेंटेसी गेम में पैसे लगाने वालों की संख्या लाखों में है। करोड़ों में भी हो सकती है।

### फिर कोई अनीता न करे आत्महत्या

इस सट्टेबाजी के खेल में रवि पर मनोज के 20 हजार निकल रहे थे। इन पैसे को देने के लिए उसने पास में मंदिर के पास बुलाया, जहां पुलिस ने मनोज को धर दबोचा। यह कहानी हो सकता है जितनी सीधी दिख रही उतनी हो नहीं। जब पुलिस ने दबोचा तब मनोज को क्या पता था कि यह एक रात उसके हंसते खेलते परिवार को तबाह कर देगी। उसकी वाइफ अनीता ने आत्महत्या कर ली तो मामला के गंभीरता भांपते हुए आनन-फानन में पुलिस ने मनोज को छोड़ दिया। अब मनोज सट्टेबाजी से इनकार कर रहा है तो पुलिस पर छोड़ने के लिए दो लाख रुपये मांगने का आरोप भी लगाया है। कई पुलिसकर्मी सस्पेंड भी हुए हैं। इस बीच जो उसने खो दिया उसकी भरपाई शायद अब संभव नहीं। सच्चाई जो भी हो, लेकिन इस तरह फिर किसी अनीता को जान नहीं देनी पड़े इसके लिए पुलिस को सतर्क तो रहना ही होगा, साथ ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी कुछ गंभीर कदम उठाने की जरूरत है।

### रिस्क के दावे के साथ खुलेआम विज्ञापन, धन कुबेर बनाने का ऑफर

बड़ी संख्या में क्रिकेटर से इन कंपनियों को प्रमोट करते दिखते हैं। इसके लिए उन्हें मोटी रकम मिलती है। कानूनी पचड़े से बचने के लिए विज्ञापन में इस लाइन पर विशेष जोर दिया जाता है कि इस खेल में आर्थिक जोखिम संभव है तो जिम्मेदारी से खेलें। यानी यात्रि अपने सामान की सुरक्षा खुद करें। खैर, यह तो रही ऑनलाइन की बात। लोग धन कुबेर बनने के लिए आपस में भी सट्टा खेलने से बाज नहीं आते। अब बात करते हैं उस अनीता की जिसका ऊपर जिक्र किया गया है। रिपोर्ट है कि आगरा के जगनेर के नौनी गांव निवासी मनोज शर्मा और नगला माधो निवासी रवि पचौरी के बीच आईपीएल में सट्टा खेला जाता था।

# आन्ध्र की दीपिका को मिला पांच लाख का पुरस्कार

**सोनीपत, ईएमएस।** सोनीपत के बहालगढ़ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में टोक्यो ओलंपिक की तर्ज पर पहले खेलो इंडिया महिला तीरंदाजी रैंकिंग टूर्नामेंट में दीप्ति कुमारी ने कड़े मुकाबले में सीनियर वर्ग कंपाउंड श्रेणी का गोल्ड मेडल जीतते हुए 5 लाख रुपये का पहला पुरस्कार जीता। इसके अलावा सभी महिला तीरंदाजों को कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक और साई के डीजी संदीप प्रधान ने तीरंदाजों को पुरस्कार बांटे। सांसद रमेश कौशिक से खिलाड़ियों की ओर से एक एंबुलेंस की मांग की गई। इस पर सांसद ने सांसद निधि से एक एंबुलेंस देने की घोषणा की। इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के डीजी संदीप प्रधान, टाप्स के सीईओ पीके गर्ग, भारतीय तीरंदाजी संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र तोमर और ब्रिगेडियर डा. बिभू कल्याण नायक, हाई परफार्मेंस डायरेक्टर संजीवा सिंह समेत अधिकारी व देशभर के खिलाड़ी मौजूद रहे। सीनियर रिकर्व वूमेन में आंध्र प्रदेश की दीप्ति कुमारी ने प्रथम स्थान पाकर 5 लाख रुपए का पुरस्कार जीता। झारखंड की अंकिता भगत ने दूसरे स्थान पर रहते हुए 3 लाख, रेलवे की मोनिका सरीन ने तीसरे स्थान पर रहते हुए 2 लाख रुपए का पुरस्कार जीता। सीनियर कंपाउंड वूमेन में मध्य प्रदेश की रजनी मारको को प्रथम स्थान पाने पर ढाई लाख, महाराष्ट्र की पूर्वाशा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर दो लाख, मध्य प्रदेश की सृष्टि सिंह ने तीसरा स्थान पाकर एक लाख रुपए का पुरस्कार जीता। वहीं जूनियर रिकर्व वूमेन में चंडीगढ़ की सृष्टि जायसवाल ने पहला स्थान पाते हुए 3 लाख, पश्चिमी बंगाल की अदिति जायसवाल ने दूसरा स्थान हासिल कर डेढ़ लाख व गुजरात की भगोत्रा भार्गवी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर एक लाख का ईनाम जीता। जूनियर कंपाउंड वूमेन में राजस्थान की प्रिया गुर्जर ने पहला स्थान हासिल कर डेढ़ लाख, दिल्ली की प्रगति ने दूसरा स्थान प्राप्त कर एक लाख व रेलवे की साक्षी चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 50 हजार रुपए का पुरस्कार जीता।

# ऋतुराज गायकवाड़ के पास ऑरेंज कैप, गेंदबाजों में मार्क वुड नंबर-1

**नई दिल्ली , एजेंसी।** गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की जीत का सफर आईपीएल के 16वें सीजन में भी जारी है। उसने शुरुआती दोनों मैचों में जीत हासिल की है। उद्घाटन मैच में चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को हराने के बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जीत हासिल कर ली है। गुजरात ने मंगलवार (चार अप्रैल) को दिल्ली को उसके होमग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम में छह विकेट से हरा दिया। गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ जीत के साथ ही अंक तालिका में पहला स्थान भी हासिल कर लिया है। उसके दो मैचों में चार अंक हो गए हैं। गुजरात का नेट रनरेट 0.700 है। लगातार दूसरी हार के बाद भी दिल्ली को फायदा हुआ है। वह आठवें नंबर आ गया है। उसका नेट रनरेट -1.703 है। लखनऊ सुपर जाएंट्स चौथे स्थान पर खिसक गई है। वहीं, पिछले साल की उपविजेता टीम राजस्थान रॉयल्स दूसरे और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तीसरे स्थान पर है। इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चेन्नई सुपरकिंग्स के ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ शीर्ष पर हैं। उन्होंने दो मैचों में 149 रन बनाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 37 रन बनाए। वह दो मैचों में 93 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दिल्ली के खिलाफ 62 रन की पारी खेलने वाले गुजरात के साई सुदर्शन पांचवें नंबर पर आ गए हैं। उनके दो मैचों में 84 रन हैं।




### पर्पल कैप की रेस में मार्क वुड आगे

लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। वह दो मैचों में आठ विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। गुजरात के मोहम्मद शमी और राशिद खान उनके करीब हैं। दोनों के पांच-पांच विकेट हैं। शमी और राशिद ने दिल्ली के खिलाफ तीन-तीन विकेट लिए।

# डोपिंग : भारोत्तोलक संजीता चानू पर 4 साल का प्रतिबंध



**नयी दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की चैंपियन भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में असफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासन पैनल ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। संजीता पिछले साल सितंबर-अक्तूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान परीक्षण में 'एनाबॉलिक स्टेरॉयड - ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट' के लिए पॉजिटिव पाई गई थी, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान 30 सितंबर को डोप परीक्षण के लिए उनका नमूना लिया गया था। संजीता का प्रतिबंध 12 नवंबर 2022 से शुरू होगा, जब उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था। मणिपुर की इस खिलाड़ी के पास अभी फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है, लेकिन यह तय नहीं है कि वह ऐसा करेंगी या नहीं। संजीता ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष स्वयं रखा था। उन्होंने जानबूझकर प्रतिबंधित दवा लेने से इनकार किया था। गौर हो कि इससे पहले नवंबर 2017 में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप से पहले भी पॉजिटिव पाए जाने पर अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने 2018 में उन्हें प्रतिबंधित किया था। विश्व संस्था ने हालांकि 2020 में उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था।

### राष्ट्रीय खेलों का पदक छिना

यह संजीता के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीता था, जिसे छीन लिया गया है। उन्होंने 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद 2018 में गोल्ड कोस्ट में 53 किग्रा भार वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया था।

## रंग संसार

# अनुज कपाड़िया संग रोमांस करने को बेकरार माया, अनुपमा को मिल रहे पड़ोसियों के ताने







**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार प्लस के सुपरहिट सीरियल अनुपमा को दर्शकों का खूब प्यार मिलता है। इस सीरियल की कहानी लोगों की फेवरेट बन चुकी है, दर्शक ये जानने के लिए बेकरार रहते हैं कि अनुपमा की जिंदगी में आगे क्या होने वाला है। बीते दिनों रुपाली गांगुली यानी अनुपमा को बहुत रोते हुए दिखाया गया था तो वहीं अब अनुपमा एक बार फिर अपने रूप में नजर आने लगी है। सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में एक बार फिर से अनुपमा का पुराना अवतार दर्शकों को देखने को मिलने वाला है। हमेशा की तरह एक बार फिर अनुपमा गम से उबर जाएगी।

### बरखा का कपाड़िया हाउस पर हुआ कब्जा

अनुपमा सीरियल की कहानी में अनुज के मुंबई जाने के बाद से सबसे बड़ा ट्विस्ट ये आया है कि कपाड़िया हाउस से बरखा, अनुपमा का नामोनिशान मिटा रही है। सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि बरखा घर के काम करने वालों से कहेगी कि इस घर से चंपा और चमेली जैसे फूल वाले पौधे हटाकर घर में इंग्लिश गुलाब लगाओ और किचन से सरसों का तेल हटाकर सिर्फ ऑलिव ऑयल लाओ और वही इस्तेमाल करो। बरखा कहती है कि अब इस घर पर सिर्फ उसका राज रहेगा। वहीं अनुपमा की बात करें तो वह सुबह-सुबह पूजा करके सब से आशीर्वाद लेती है और अपनी मां और भाई से कहती है कि वह नई शुरुआत करेगी।

### अनुपमा की याद से अनुज को आएगी हिचकी

अनुपमा को रह रहकर अपने पति अनुज की याद आती है तो वहीं दूसरी तरफ अनुज को अचानक हिचकियां आने लगती हैं। इधर अनुपमा लगातार अनुज को याद करती रहती है और मन ही मन उससे बातें करती है। अनुपमा एक नई शुरुआत करने वाली है, वह जैसी ही घर से बाहर निकलती है तो उसके मौहल्ले वाले उसे देखकर मुंह बनाने लगते हैं और ताने देते हुए कहते हैं कि इसको दूसरे पति ने भी छोड़ दिया है जरूर अनुपमा में ही कोई कमी होगी।

### शाह परिवार में वापस आई खुशियां

लंबे समय के बाद एक बार फिर शाह परिवार में खुशियां आई हैं। वनराज एक पेपर हाथ में लेकर घर वालों से कहता है कि सब एक जगह आएं, उसे कुछ बात करनी है। इस पर सभी परेशान हो जाते हैं कि आखिर ऐसी क्या बात है। वनराज सबके आने पर कहता है कि उसे बहुत बड़ी कंपनी में नौकरी मिल गई है।

### अनुज के करीब आएगी माया

माया अब अनुज कपाड़िया के करीब आने की पूरी कोशिश में जुट गई है और उसने प्लान बनाकर छोटी अनु को घर से बाहर दोस्तों के साथ पिकनिक पर भेज दिया। जैसे ही अनुज को पता चलता है कि छोटी अनु घर में नहीं है तो वह माया पर भड़कने लगता है। लेकिन माया आखिरकार उसे समझा देती है। आने वाले एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अनुपमा, अपनी बेटी और अनुज से बात करने के लिए माया के यहां कॉल करेगी लेकिन वह कोई बहाना करके उसकी बात अनुज से नहीं करवाएगी।

# अर्जुन संग दूसरी शादी करने के लिए बेताब हैं मलाइका अरोड़ा

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा हाल ही में गुरु रंधावा के गाने तेरे ख्याला में नजर आई हैं और इसमें उनका लुक बेहद कूल लग रहा है और उनकी हॉटनेस से फिर से सबका दिल जीत लिया है. इस बीच मलाइका अरोड़ा ने गाने के प्रमोशन के दौरानअपनी शादी पर भी चुप्पी तोड़ी है. बता दें कि मलाइका और अर्जुन पिछले काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर रोमांटिक तस्वीरें भी शेयर करती रहते हैं. वहीं इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी दूसरी शादी को लेकर खुलकर बात की है. दरअसल, उनकी पहली शादी अरबाज खान से हुई थी और शादी के 18 साल बाद ये कपल साल 2017 में अलग हो गया. बॉलीवुड की आइटम गर्ल से मशहूर मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में ब्राइड्स पत्रिका को दिए अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में मलाइका ने ये खुलासा किया है कि वो अब दोबारा शादी करने के बारे में सोच रही हैं।

# सलमान खान को पहले अवॉर्ड शो में परफॉर्म करने के लिए मिले थे 5 गुना पैसे? एक्टर ने बताई सच्चाई

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान आज के समय में करोड़ों की नेटवर्थ के मालिक हैं। सलमान खान की कमाई फिल्मों के साथ-साथ उनके बिजनेस और ब्रांड एंडोर्समेंट से होती है। फैंस भी अपने फेवरेट सितारे के बारे में नई-नई बातें जानने के लिए बेकरार रहते हैं, जैसे सलमान खान की फीस क्या है, उनकी कमाई कहां-कहां से होती है और वह कौन सी फिल्म पर काम कर रहे हैं। हाल ही में इंडिया टीवी के साथ इंटरव्यू के दौरान सलमान खान ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले। सलमान ने बताया कि उन्हें फिल्म फेयर में परफॉर्म करने के लिए कितनी रकम ऑफर हुई थी।

### परफॉर्मेंस के बदले मिली 5 गुना रकम

इंटरव्यू के दौरान सलमान खान ने फिल्म फेयर के दौरान का अपना एक पुराना किस्सा याद करते हुए बताया कि उनकी पहली फिल्म अवार्ड के लिए उनको बुलाया गया था जिसमें वह बेस्ट एक्टर के लिए नॉमिनेट हुए थे और उन्हें बोला गया था कि उन्हें बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिलेगा मगर वहां जैकी श्रॉफ को अवार्ड मिल गया ऐसे में उन्होंने परफॉर्म करने से मना कर दिया। इस पर फिल्म फेयर के एडिटर ने सलमान को परफॉर्म करने के लिए 5 गुना फीस देने का वादा किया और यह भी कहा गया कि वह यह बात किसी को ना बताएं



लेकिन सलमान ने ये बात एक को बता दी और कहा कि वह भी अपना अमाउंट ले लें। इसके बाद से ही अवॉर्ड शो में परफॉर्म करने वाले एक्टर्स को उनकी फीस देने का सिलसिला शुरू हुआ।

### सलमान खान की फिल्में

सलमान खान 27 अप्रैल को होने वाले फिल्म फेयर अवार्ड में होस्ट बनेंगे। वहीं इससे पहले सलमान खान अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान से दर्शकों को ईद के मौके पर एंटरटेन करने वाले हैं। इस फिल्म से बिग बॉस फेम शहनाज गिल भी बड़े पर्दे पर डेब्यू कर रही हैं। सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

# जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन में होगा वॉर, दमदार विलेन की एंट्री से हिलेगा बॉलीवुड

**नई दिल्ली एजेंसी।** अभिनेता जूनियर एनटीआर को स्पाई एक्शन-थ्रिलर, वॉर 2 के लिए साइन किया गया है, जो 2019 की ब्लॉकबस्टर का अगला सीक्वल है। बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन, जिन्होंने वॉर में कबीर का रोल निभाया था, वॉर 2 में जूनियर एनटीआर के साथ एक्शन सीन करते हुए नजर आएंगे। हाल ही में, खुलासा किया गया कि इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी करेंगे। अयान मुखर्जी ने बॉलीवुड में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी है, जिसमें उनकी आखिरी रिलीज ब्रह्मास्त्र भी शामिल है। नाम न छापने की शर्त पर एक सूत्र ने पुष्टि की, कि जूनियर एनटीआर ऋतिक के साथ वॉर 2 में भिड़ेंगे। उन्होंने कहा, उनका एक्शन और उनका परफॉर्मेंस निश्चित रूप से बड़े पर्दे पर याद रखने वाला होगा। वॉर पूरी तरह से भारतीय फिल्म है। आदित्य चोपड़ा का



यह कदम वॉर 2 को एक हिंदी फिल्म के लिए सबसे व्यापक दर्शकों की अपील करने में सक्षम बनाता है और यह फिल्म की बॉक्स ऑफिस क्षमता को भी बढ़ाता है। सूत्र ने आगे बताया कि जूनियर एनटीआर साउथ इंडस्ट्री के सबसे सम्मानित और फॉलो किए जाने वाले आइकन में से एक हैं। कहा जाता है कि वह अपनी फिल्मों को काफी सोच-विचार के बाद चुनते हैं। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने फिल्म को हामी भर दी है, तो इसका मतलब है कि वॉर 2 प्लॉट के साथ-साथ स्केल के मामले में भी पहली फिल्म को पीछे छोड़ रही है। ऋतिक रोशन बनाम जूनियर एनटीआर का याद रखने वाला एक्शन सीन होगा। जूनियर एनटीआर के शामिल होने से फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है।

# वो प्राउड मुस्लिम हैं मैं प्राउड हिंदू हूं, मनोज बाजपेयी ने पत्नी और अपने रिलीजन पर दिया जवाब

**नई दिल्ली एजेंसी।** मनोज बाजपेयी अपने काम की वजह से आए दिन चर्चा में बने रहते हैं और उन्होंने एक्टिंग के दम पर लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है. मनोज बाजपेयी ने 2006 में शबाना रजा से शादी की थी और हर कोई जानता है कि मनोज की पत्नी शबाना रजा एक मुस्लिम हैं वहीं मनोज हिंदू ब्राह्मण परिवार से आते हैं. 2006 में उन्होंने शबाना रजा से दूसरी शादी की थी. ऐसे में मनोज और शबाना के इस इंटर-रिलीजन मैरिज को लेकर घर में कोई विवाद नहीं हुआ था. एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुद को प्राउड हिंदू और पत्नी को प्राउड मुस्लिम बताया था.

### 'मैं प्राउड हिंदू और पत्नी प्राउड मुस्लिम हैं'

मनोज ने कहा 'वह आध्यात्मिक हैं, बहुत बहुत आध्यात्मिक. वह एक प्राउड मुस्लिम हैं और मैं एक



प्राउड हिंदू हूं लेकिन यह एक-दूसरे से नहीं टकराता है. भले ही वे मेरी पत्नी के धर्म के बारे में बात करते हैं लेकिन मेरे चेहरे पर कोई मुझसे बात करने की ताकत या साहस नहीं रखता है. क्योंकि वे जानते हैं कि मैं ये बातें नहीं मानता, जब कोई इस तरह की बात करता है तो मैं बहुत सख्त हो जाता हूं. मैं बहुत मुश्किल से आता हूं. मैं तब सख्त आदमी हूं..लोग अभी भी मेरे गुस्से के बारे में बात करते हैं.

### वैल्यू को चेंज करेंगे तो शादी नहीं चलेगी

एक इंटरव्यू में मनोज बाजपेयी ने शबाना संग अपनी इंटर–रिलीजन मैरिज पर बात की. वे कहते हैं– शबाना के साथ मेरी शादी किसी धर्म से बड़ी है. हम दोनों आपस में जो वैल्यूज शेयर करते हैं ये उनके बारे में है. उन वैल्यूज के बारे में हम बात नहीं करते हैं. वो अनकही चीज है. कल को हम दोनों में से कोई अपने वैल्यू को चेंज करेगा, तो हमारी शादी नहीं चलेगी.

### पत्नी शबाना धार्मिक नहीं हैं

ऐसे में जब एक्टर से पूछा गया क्या उनकी इंटर फेथ मैरिज को लेकर परिवार में कोई बातचीत होती है? इसके जवाब में मनोज ने कहा 'अगर होती भी होगी तो ये सब बातें मुझ तक नहीं पहुंची हैं. मैं एक ब्राह्मण फैमिली से आता हूं. शबाना के परिवार की उनके नाम के साथ सम्मान और प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है. लेकिन हैरानी है मेरे परिवार के किसी भी सदस्य ने इसपर आपत्ति नहीं जताई।





# विधायक के सवालों पर असहज दिखा एसीसी व अमेहटा का मैनेजमेंट

## खनिज अधिकारी जांच कर करोड़ों रुपए के अवैध खनन की देगें रिपोर्ट, पर्यावरण विभाग भी फ्लाई ऐश के मुद्दे पर करेगा जांच

**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ के एसडीएम कार्यालय में एसीसी कैमोर प्लांट एवं अमेहटा प्लांट और सैल कुटेश्वर माइंस में स्थानीय लोगों को रोजगार, एसीसी द्वारा किसानों की सहमति के बगैर अवैध खनन कर लाखों टन लाइम स्टोन निकालने, मजदूरों स्थानीय ठेकेदारों के 3 करोड़ से अधिक रुपयों के भुगतान न करने के सम्बन्ध में तीनों उद्योगों के प्रबंधन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय जनहितैषी मुद्दों पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में विधायक संजय पाठक द्वारा 37 सूत्रीय मांगों पर जिला प्रशासन द्वारा एसीसी के दोनों प्लांट मैनेजमेंट से बिंदुवार जवाब मांगें गए, अधिकतर सवालों के जवाब से जिला कलेक्टर एवं विधायक असंतुष्ट दिखे।

श्री पाठक ने अमेहटा के लोगों को रोजगार दिए जाने पर सवाल उठा। उन्होंने पूछा जब से इस विषय पर उन्होंने विधानसभा में प्रश्न उठाया है उसके बाद मेहगांव एवं अमेहटा पंचायत से कितने लोग निर्माणाधीन प्लांट में रोजगार मिला है पर एसीसी प्रबंधन इसका संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। वर्तमान समय में 1800 करोड़ के अमेहटा प्रोजेक्ट में अमेहटा के 1 मजदूरों को भी नही मिल रहा है । किसानों की कृषि भूमि पर अवैध कब्जा कर खनन करने वाले सवाल पर भी गोल मोल जवाब दिया गया जिसपर जिला खनिज अधिकारी से जांच कर जुर्माना लगाने जैसी आवश्यक कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को रिपोर्ट देने को कहा गया। सीमेंट बनाने में उपयोग होने वाली फ्लाई ऐश जो इंसानों के संपर्क में आने पर कैंसर का कारण बनती है। उसे खुले में छोड़ दिए जाने के मुददे पर एसीसी

### 37 में अधिकतर सवालों पर दिए गलत जवाब

मैनेजमेंट के जवाब से श्री पाठक संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है आपके द्वारा फ्लाई ऐश को जगह जगह डंप किया जा रहा है। प्लांट के अंदर भी खुले में स्टोर करके रखा गया है, जो उड़कर स्थानीय निवासियों के जीवन के लिए खतरा बन रही है, पठरा हो या कैमोर दूसरों पर आरोप लगाकर बच नहीं सकते। पर्यावरण विभाग इस विषय पर जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करे। बाहरी ठेकेदारों द्वारा स्थानीय मजदूरों (सप्लायर) मशीन वालों के 3 करोड़ रुपयों के गबन करने पर कंपनी द्वारा भुगतान कराने पर प्रगति न होने पर कलेक्टर ने एसीसी प्रबंधन से नाराजगी जताई एवं तत्काल निराकरण करने के लिए बोला। इस तरह अन्य मुद्दों पर भी श्री पाठक एवं कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा निर्देश दिए। सैल कुटेश्वर माइंस में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के मुद्दे पर भी कुटेश्वर माइंस प्रबंधन से कार्यवाही करने के लिए बोला गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, एसीसी मैनेजमेंट से कैमोर प्लांट हेड वैभव दीक्षित, अमेहटा प्रोजेक्ट से मनोज शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई अन्य अधिकारी, जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह, विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, कैमोर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, अंकुर गौवर, जयवंत सिंह, प्रमोद सोनी, केशव यादव, लालजी मिश्रा, अजय पप्पू शर्मा, संतोष केवट बीएमएस अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, हरिओम बर्मन के अलावा आसपास के ग्रामों सरपंच के साथ अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पदों की अदला-बदली को लेकर भाजपा संगठन में कई चर्चाएं

## आपस में बदल गए सुनील और चेतन के पद

**कटनी, यशभारत।** भाजपा जिला संगठन में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के प्रवास के दूसरे दिन ही संगठन में फेरबदल को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। संगठन में दो पदाधिकारियों के पदों की आपस में अदला-बदली को पार्टी स्वाभाविक और संगठनात्मक बदलाव के रूप में देख रही है, किन्तु कहा जा रहा है कि इसकी आवश्यकता क्या थी। कार्यकर्ताओं की विशाल फौज वाली पार्टी में क्या संगठन को कोई नया कार्यकर्ता नहीं मिल पा रहा है जो आपस में ही पदों की अदला बदली हो रही है। उल्लेखनीय है कि जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय को जिला महामंत्री का दायित्व दे दिया गया जबकि जिला महामंत्री चेतन हिंदूजा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वैसे तो भाजपा में दोनों ही पद महत्वपूर्ण हैं पर संख्यात्मक तथा जिम्मेदारी को देखा जाए तो महामंत्री पद उपाध्यक्ष से ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल प्रदेश स्तरीय बैठकों में जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्रियों को ही उपस्थिति दर्ज करानी अनिवार्य है। जिला महामंत्री चूंकि जिले में तीन ही होते हैं लिहाजा अध्यक्ष के बाद उन्हें ही प्राथमिकता दी जाती है। आखिर इस परिवर्तन की जरूरत क्यों पड़ी यह कार्यकर्ताओं के मन में उठना स्वाभाविक है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बदलाव खुद प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा के द्वारा किया गया है। सीधे प्रदेश से ही इसका पत्र जारी किया गया। बताया गया कि बीते कई दिनों से जिला संगठन प्रभारी संजय साहू कटनी में संगठन की एक एक गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। इस बदलाव के पीछे भी जिला प्रभारी के द्वारा प्रदेश को भेजी गई रिपोर्ट बताई जा रही है। सूत्रों की माने तो आने वाले दिनों में संगठन में इस तरह का बदलाव और भी देखने मिल सकता है। विशेष तौर पर मंडल अध्यक्षों को लेकर सूत्रों की मानें तो कटनी जिले में 3 मंडल अध्यक्षों को बदला जा सकता है।

## पीताम्बर बने कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष



**कटनी।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीताम्बर टोपनानी को कटनी विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। कल 3 प्रधिकरणों में सरकार ने अध्यक्ष के पद भर दिए जिसमें कटनी भी शामिल है। लंबे समय से इस पद पर नियुक्ति को लेकर कयास लगाये जा रहे थे। कटनी में पूर्व विधायक ध्रुवप्रताप सिंह के कार्यकाल के बाद राजनैतिक नियुक्ति के मामले में यह पद रिक्त ही था। प्रशासन के अधिकारी प्राधिकरण का कामकाज देख रहे थे। कई नाम कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष बनने की दौड़ में थे जिसमें पीतांबर टोपनानी ने बाजी मार ली। उनका नाम हालांकि एक माह पहले ही तय हो चुका था। बस घोषणा के लिए सही वक्त का इंतजार किया जा रहा था। फिलहाल प्राधिकरण में उपाध्यक्ष सदस्यों के नाम सामने नहीं आए हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि केडीए के अध्यक्ष के रूप में श्री टोपनानी की नियुक्ति से शहर विकास के नए द्वार खुलेंगे।






**शिनाख्तगी के बाद सुलझेगी हत्या की गुत्थी, ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत दशरमन गांव का मामला**

# बोरे में बंद मिली युवक की सड़ी-गली लाश की नहीं हुई पहचान



कटनी, यशभारत। ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन महादेवी मोड़ पर सड़क किनारे मिली अज्ञात युवक की बोरा बंद सड़ी-गली लाश की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने युवक के शव को उमरियापान अस्पताल में सुरक्षित रखवाया है तथा उसकी शिनाख्ती के प्रयास कर रही है। पुलिस इसे हत्या मानते हुए ही मामले की जांच कर रही है।

पुलिस का मानना है कि युवक की शिनाख्त होने के बाद पूरे मामले से पर्दा उठ सकता है। बहरहाल ग्राम दशरमन महादेवी मोड़ पर बुधवार को सड़क किनारे एक अज्ञात युवक की बोरा बंद सड़ी-गली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक कौन है और कहां का है इसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। सिलौड़ी पुलिस चौकी प्रभारी हरवचन सिंह ने बताया कि दशरमन में युवक की लाश मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। लाश के पास से महादेवी मंदिर की तरफ करीब 500 मीटर की दूरी तक डॉग गया और वापस लौट आया। जिससे कुछ खुलासा नहीं हो सका। इस दौरान एफएसएल टीम ने भी सेंपल लिए हैं।

पुलिस के मुताबिक युवक की लाश बोरे में बंद मिली। दुर्गंध आने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने देखा तो बोरे में लाश के साथ महिला पुरुष के कपड़े भी मिले। लाश में कीड़े भी पड़ चुके थे और दुर्गंध भी आ रही थी। जिससे कि लाश 3-4 दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस युवक की पहचान के लिए जुटी है लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में भी इसकी सूचना देकर जानकारी जुटा रही है।


























**JOB OPENING**
**Requirement/Skills**
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

**यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033**






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)